आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 186 | इंदौर, सोमवार 02 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 1 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### राहुल ने कहा- युवाओं को कुछ नहीं मिला ममता बनर्जी ने बिखरा हुआ बजट बताया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आम बजट को युवाओं को बजट बताया है। कहा कि देश में रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है। ये स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी को मजबूत करने का प्रयास है। सबसे बड़ी पूंजी नागरिक, इसी में निवेश किया। उधर विपक्ष ने बजट को निराशाजनक बताया। राहुल गांधी ने कहा, युवाओं के लिए रोजगार वाला बजट नहीं है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर गिर रहा है। निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। घरेलू बचत में भारी गिरावट आ रही है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यह बेहद ही बिखरा बजट है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता को कुछ नहीं दिया।

### बजट के बाद सेंसेक्स 1546 अंक गिरकर 80,722 पर बंद

**नई दिल्ली।** बजट के बाद 1 फरवरी को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। सेंसेक्स 1546 अंक यानी करीब 2% गिरकर 80,722 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 495 अंक टूटा, ये 24,825 के स्तर पर बंद हुआ। सरकार ने फ्यूचर्स पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% किया। ऑप्शंस प्रीमियम और एक्सरसाइज पर भी एसएसटी को बढ़ाकर 0.15% किया है। इस वजह से ही बाजार में यह गिरावट आई है। बीते सात साल में बजट के दिन की यह सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले 2020-21 बजट के दिन सेंसेक्स 987 अंक और निफ्टी 300 अंक गिरकर बंद हुआ था। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही।

### रोहित शेट्टी के घर फायरिंग मामले में एफआईआर दर्ज



**पुलिस को लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर शक, जांच-पड़ताल जारी**

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार्स के घर फायरिंग का सिलसिला खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। पहले सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग का मामला सामने आया था। इसके बाद कपिल शर्मा के रेस्तरां के बार फायरिंग का मामला उठा। अब बीती रात मशहूर फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर अज्ञात द्वारा 4-5 राउंड फायरिंग का मामला सामने आया है। रोहित शेट्टी का घर मुंबई के जुहू इलाके में है जिसके इर्द-गिर्द कई सारे बॉलीवुड सेलिब्रिटीज का ठिकाना है। इसके मद्दे नजर भी रोहित के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मामले की जांच पुलिस कर रही है और लेटेस्ट अपडेट की मानें तो शुरूआती पड़ताल में पुलिस को लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर शक है जो पहले भी ऐसे मामलों की जिम्मेदारी ले चुका है। बॉलीवुड की मशहूर फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के घर पर बीती रात 4 से 5 राउंड फायरिंग की गई। इस मामले में अब एफआईआर दर्ज हो गई है और मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम जांच में जुटी है। शेट्टी टॉवर में रोहित शेट्टी अपने पूरे परिवार के साथ रहते हैं और उनके घर के बाहर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सूत्रों की मानें तो शेट्टी टावर में कुल आठ सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और दो एंट्री एग्जिट गेट हैं। इसके इर्द-गिर्द कई बड़े स्टार्स रहते हैं और हादसे के बाद से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग के मामले की डिटेल में जाएं तो आरोपी रोहित शेट्टी के घर के पास बाइक पर सवार होकर आया था। ऐसा बताया जा रहा है कि एक ही आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया है। आरोपी ने अपनी बाइक कुछ दूरी पर खड़ी की और पैदल चलकर टावर के करीब जाकर फायरिंग की और फरार हो गया।

### ट्रेन के आगे कूद कर महिला ने 2 बच्चों के साथ दी जान

**हैदराबाद।** देर रात हैदराबाद में एक दुखद हैरान करने वाली घटना सामने आई, जिसने सबके होश उड़ा दिए। वहां बोडुप्पल इलाके की रहने वाली एक 38 वर्षीय मां ने अपने दो बच्चों के साथ मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी और मां और दोनों बच्चों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह दुखद घटना चारलपल्ली और घटकेसर स्टेशन के बीच हुई है। जब ट्रेन के लोको पायलट ने शवों को देखा तो वह हैरान रह गया। शव बिल्कुल ट्रैक पर चिपक चुके थे और दृश्य एकदम दम विचलित करने वाला था। घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। शुरूआती जांच में पता चला कि महिला लंबे समय से अपने दोनों बच्चों के साथ पति से अलग रह रही थी।

### भारत ईरान की जगह वेनेजुएला से तेल खरीदेगा : राष्ट्रपति ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत अब ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। उन्होंने दावा किया है कि भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। यह बयान ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी से एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। हालांकि, भारत सरकार की ओर से इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रम्प ने कहा, हमने पहले ही एक डील कर ली है। भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, ईरान से नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के साथ इस सौदे का कांसेप्ट तय हो चुका है। ट्रम्प के मुताबिक, चीन भी अगर चाहे तो वेनेजुएला से तेल खरीद सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जनवरी को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से टेलीफोन पर बातचीत की थी।

## बजट 2026, सस्ता-महंगा- कैंसर की 17 दवाएं सस्ती, फ्यूचर ट्रेडिंग पर टैक्स बढ़ा

# ईवी-सोलर पैनल के दाम घटेंगे, शराब महंगी हो सकती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बजट में अब बस इम्पोर्ट ड्यूटी के घटने-बढ़ने से सामानों के दाम थोड़े बहुत ऊपर-नीचे होते हैं। ज्यादातर चीजों के दाम जीसटी काउंसिल तय करती है। समझते हैं इस बजट से क्या सस्ता हुआ और क्या महंगा।

### सस्ता

- **कैंसर की दवाइयां सस्ती: 17 लाइफ सेविंग ड्रग्स पर कस्टम ड्यूटी खत्म-** सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इसके अलावा, 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए बाहर से मंगवाई जाने वाली दवाओं और स्पेशल फूड पर भी अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे उन परिवारों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी जो इलाज के लिए महंगी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं।
- **माइक्रोवेव ओवन सस्ते: पुर्जों पर ड्यूटी घटी, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी-** घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में कुछ अहम बदलाव किए हैं। अब माइक्रोवेव ओवन बनाने में इस्तेमाल होने वाले खास पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है। इससे आने वाले दिनों में माइक्रोवेव की कीमतों में कमी आ सकती है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के मामले में दुनिया का हब बने।
- **ईवी बैटरी और सोलर पैनल सस्ते: इसे बनाने का कच्चा माल हुआ टैक्स फ्री-** एनर्जी ट्रांजेक्शन को देखते हुए सरकार ने लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली मशीनों पर मिलने वाली टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी ड्यूटी नहीं लगेगी। वहीं, सोलर ग्लास बनाने में इस्तेमाल होने वाले 'सोडियम एंटीमोनेट' पर भी ड्यूटी हटा दी गई है, जिससे देश में सोलर पैनल बनाना सस्ता होगा।
- **जूते, कपड़े सस्ते हो सकते हैं: एक्सपोर्ट बढ़ाने कच्चे माल पर छूट-** एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए समुद्री उत्पाद, लेदर और टेक्सटाइल सेक्टर के लिए घोषणाएं हुई हैं..
- सी-फूड एक्सपोर्ट के लिए ड्यूटी फ्री इम्पोर्ट की लिमिट 1% से बढ़ाकर 3% हो गई है। लेदर और सिंथेटिक जूतों के साथ अब 'शू अपर्स' के एक्सपोर्ट पर टैक्स छूट मिलेगी।
- **सस्ता क्यों होगा:** जब कंपनियों को सामान बनाने के लिए कच्चा माल सस्ता मिलेगा, तो प्रॉडक्शन की लागत घटेगी। अगर कंपनियां इसका फायदा ग्राहकों तक पहुंचाती हैं, तो लेदर के जूते, स्पोर्ट्स शूज और सी-फूड की कीमतें घट सकती है या कम से कम दाम स्थिर रहेंगे।
- **विदेश घूमना सस्ता होगा: सरकार ने टैक्स घटाकर 2% किया-** अब विदेश यात्रा के 'टूर पैकेज' बुक करना सस्ता हो जाएगा। पहले 10 लाख रुपए तक के खर्च पर 5% और उससे ज्यादा पर 20% टैक्स लगता था। इसे अब घटाकर सीधा 2% कर दिया गया है। अब इसमें रकम की कोई लिमिट भी नहीं है।
- **एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सस्ता: पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी हटी-** नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने के लिए एयरक्राफ्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले पुर्जों और कंपोनेंट्स पर कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। डिफेंस सेक्टर में भी एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस और रिपेयरिंग के लिए मंगवाए जाने वाले कच्चे माल पर अब टैक्स नहीं देना होगा। इससे देश में हवाई जहाज बनाने और उनकी मरम्मत करने की लागत कम होगी।
- **विदेशी सामान मंगाना सस्ता: पर्सनल यूज की चीजों पर टैक्स घटा-** विदेश से अपने निजी इस्तेमाल के लिए सामान मंगवाना सस्ता हो जाएगा। सरकार ने ऐसे सामान पर लगने वाले टैक्स को 20% से घटाकर 10% कर दिया है।

### जीएसटी बढ़ा, सिगरेट 40% तक महंगी होंगी

3 सितंबर 2025 को किए गए बदलाव के बाद अब 1 फरवरी से पान मसाला, खैनी और गुटखा जैसे तंबाकू उत्पादों पर 40% जीएसटी लगेगा। सेस हटा दिया गया है। अभी तक इन पर 28% जीएसटी के साथ 'कंपनसेशन सेस' लगता था। इससे कुल टैक्स 50% से ज्यादा हो जाता था। सिगरेट पर उसकी लंबाई के आधार पर नई एक्साइज ड्यूटी भी लागू होगी। 2.05 से लेकर 8.5 प्रति स्टिक तक ये एक्साइज ड्यूटी लगेगी। इसके अलावा तंबाकू उत्पादों की तरह सिगरेट पर 40% जीएसटी भी लगेगा। हालांकि बीड़ी पर राहत देते हुए जीएसटी को 18% कर दिया गया है। एक्साइज ड्यूटी मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट में जुड़ती है। जब सिगरेट फैक्ट्री से निकलती है, तो उस पर एक्साइज लग चुका होता है। इसके बाद जब उस पर जीएसटी लगाया जाता है, तो वह 'बढ़ी हुई कीमत' (जिसमें एक्साइज शामिल है) पर लगता है। इससे 'टैक्स पर टैक्स' की स्थिति बनती है और फाइनल एमआरपी बढ़ जाती है। इस बदलाव से रिटेल मार्केट में सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की कीमतों में 15% से 40% तक का उछाल आ सकता है। सरकार का यह कदम सरकारी खजाने को भरने की एक कोशिश माना जा रहा है। क्योंकि सितंबर में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के लिए कई उत्पादों पर जीएसटी में कटौती की थी।

### महंगा

शराब पर टीसीएस को 1% से बढ़ाकर 2% कर दिया गया है। इससे शराब की कीमतें बढ़ सकती है, क्योंकि इससे दुकानदार के मुनाफे पर असर होगा। फ्यूचर ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% और ऑप्शंस 0.15% किया गया है। टीसीएस का मतलब है 'सोर्स पर टैक्स कलेक्शन'। यह एक तरह का एडवांस इनकम टैक्स है। दुकानदार जो 2% टैक्स अभी सरकार को देगा, उसे वह साल के आखिर में अपना इनकम टैक्स रिटर्न भरते समय एडजस्ट कर सकता है। एसटीटी ऐसा टैक्स है जो आपके हर सौदे (खरीदने और बेचने) पर लगता है। टैक्स दरें बढ़ने से अब आपको एक ही ट्रांजैक्शन के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे चुकाने होंगे।

**नॉलेज पार्ट:** जीएसटी काउंसिल तय करती है ज्यादातर चीजों के दाम- 22 सितंबर 2025 से जीएसटी के चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया था। अब केवल 5% और 18% के स्लैब में जीएसटी लगता है। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया था। इससे घी, पनीर खरीदने से लेकर कार और एसी खरीदना भी सस्ता हो गया है।



## 17 वर्षीय जिमनास्टिक खिलाड़ी की मौत के बाद पूरा सिस्टम सुप्त

# उजेर की मौत से नियमों की जवाबदेही पर उठे सवाल

**परिवारजन को नियमों से न्याय की आस अब टूटने लगी**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के सब्जी मंडी जामा मस्जिद गौरी हाल के पास के निवासी जिमनास्टिक खिलाड़ी उजेर अली कोच एवं मैनेजर के साथ कलकत्ता में आयोजित राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में खेलने गया था। वहां प्रतियोगिता से पूर्व अभ्यास के दौरान वह घायल हुआ। इसके बाद 14 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा और अंततः 28 जनवरी को उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में कोच एवं मैनेजर की संवेदनहीनता सामने आई थी। उजेर के परिजनों ने उन पर इसके आरोप लगाए थे।

उजेर की मृत्यु के मामले में अब तक निर्धारित अनुशासनात्मक एवं कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया जाना उसके परिवार को तोड़ रहा है और नियमों से न्याय मिलने की आस वे खोने लगे हैं। उजेर की मौत से नियमों की जवाबदेही पर सवाल उठे हैं। इस मामले में पूरा सिस्टम ही सुप्त हो गया है।



### ये है पूरा मामला

मध्यप्रदेश टीम की ओर से नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने 11 जनवरी को उजेर कोलकाता गया था। अभ्यास के दौरान वह 16 जनवरी को घायल हो गया, इलाज के दौरान वहां के शासकीय अस्पताल में 28 जनवरी को उसकी मौत हो गई। मौत के 27 घंटे बाद उसका पोस्टमार्टम हो सका। परिजन ही जैसे तैसे शव उज्जैन लाए। 30 जनवरी को उसे मौलाना मोज कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उजेर कक्षा 10वीं का छात्र था और स्टडी होम स्कूल केडी गेट में पढ़ता था। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से कोलकाता में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप के लिए वह वहां गया था। वह अंडर-17 जिम्नास्टिक टीम का सदस्य था।

**हालिया मामले (जनवरी 2026 - कोलकाता) में क्या हुआ-** 17 वर्षीय जिम्नास्ट उजैर की मौत के बाद परिजनों ने कोच और मैनेजर पर लापरवाही और मदद न करने का आरोप लगाया। प्रबंधन ने इसे एक 'दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना' बताया और कहा कि सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया था। इस मामले में ही बंगाल सरकार ने भी सहयोग की बात कही। संक्षेप में, सरकार का उद्देश्य ऐसी घटनाओं में लापरवाही, सुरक्षा मानकों की जांच और दोषियों के खिलाफ अनुशासन सुनिश्चित करना है।

### नियमों की लंबी सूची पर उठे सवाल

जिमनास्टिक्स या किसी भी अन्य खेल के दौरान चोट लगने से मृत्यु होने पर भारत सरकार और संबंधित खेल संस्थाएं एक निश्चित अनुशासनात्मक और कानूनी प्रक्रिया का पालन करती हैं। हाल ही में जनवरी 2026 में कोलकाता में एक नेशनल चैंपियनशिप के दौरान एक 17 वर्षीय जिम्नास्ट की मौत का मामला भी सामने आया है। सरकार की मुख्य प्रक्रिया और अनुशासनात्मक कार्रवाई इस प्रकार है:

### प्रारंभिक जांच और एफआईआर दर्ज होना

मृत्यु की स्थिति में, पुलिस द्वारा लापरवाही से मौत के तहत मामला दर्ज किया जाता है। यह अनिवार्य है कि शव का पोस्टमॉर्टम किया जाए ताकि मृत्यु के सही कारणों का पता चल सके।

**पार्किंग/स्थल का निरीक्षण:** फोरेंसिक टीम द्वारा जिम या प्रैक्टिस एरिया के सुरक्षा उपकरणों की जांच की जाती है।

### अनुशासनात्मक कार्रवाई

- **एसआईए (भारतीय खेल प्राधिकरण) का दखल:** यदि घटना सरकारी मान्यता प्राप्त कैंप या प्रतियोगिता में हुई है, तो एसएआई तुरंत मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन करती है।
- **जीएफआई (जिमनास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया):** फेडरेशन कोच और मैनेजर से रिपोर्ट मांगता है।
- **कोच और मैनेजर पर कार्रवाई:** यदि यह साबित होता है कि प्रैक्टिस के दौरान सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे या कोच/मैनेजर की लापरवाही थी, तो उन्हें सस्पेंड किया जा सकता है या उनके कोच लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं।

### सुरक्षा प्रोटोकॉल और ऑडिट

- **सुरक्षा ऑडिट:** ऐसी घटनाओं के बाद, सरकार सभी सरकारी जिम और स्पोर्ट्स एकेडमी में सुरक्षा ऑडिट के आदेश दे सकती है।
- **उपकरणों की जांच:** यह देखा जाता है कि इस्तेमाल किए गए उपकरण, जैसे सेफ्टी मैट या हार्नेस, सही स्थिति में थे या नहीं।

### सहायता और मुआवजा

- **मेडिकल इंश्योरेंस:** एसएआई एथलीटों को 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा और गंभीर चोट/मौत के मामले में 25 लाख तक का अतिरिक्त कवरेज प्रदान करता है।
- **नेशनल वेलफेयर प्रोग्राम:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण योजना के तहत सहायता प्रदान की जा सकती है।

### जिम्मेदारी का निर्धारण

यदि कोच या प्रबंधन की लापरवाही पाई जाती है, तो कानूनी तौर पर (भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अनुसार) दोषी को 2 साल तक की सजा या जुर्माना हो सकता है।

## मंदसौर में नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश



### गुजरात के दो भाई गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

पुलिस ने आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले एक गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने स्थानीय सीतामऊ फाटक क्षेत्र में एक किराए के मकान पर छापा मारकर नकली घी बनाने के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो सगे भाइयों, गोपाल बागरी और संजय बागरी को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी अहमदाबाद, गुजरात के रहने वाले हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार सिटी कोतवाली और नई आबादी थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर फूड सेफ्टी विभाग और राजस्व विभाग के साथ मिलकर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को यह दबिश दी। छापेमारी में लगभग 150 लीटर तैयार नकली घी, सोयाबीन तेल, रासायनिक पदार्थ, कृत्रिम सुगंध (आर्टिफिशियल एसेंस) और घी बनाने के बर्तन बरामद किए गए हैं। बताया गया है कि आरोपी डालडा और सोयाबीन तेल में हानिकारक केमिकल और खुशबू मिलाकर उसे पकाते थे ताकि वह असली घी जैसा दिखे और महके। यह नकली घी ग्रामीण क्षेत्रों और स्थानीय बाजारों में मात्र 200 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा था। पता चला है कि आरोपी पिछले तीन महीनों से मंदसौर में किराए का कमरा लेकर यह अवैध धंधा चला रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, जब्त किए गए नमूनों को प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेज दिया गया है और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जबलपुर : बरगी दाईं तट की नहर फूटी, सगड़ा-झपनी के बीच मची तबाही

# दर्जनों गांवों में घुसा पानी, फसलें बर्बाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

मध्य प्रदेश के जबलपुर में नर्मदा नदी में बने बरगी बांध के बरगी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सगड़ा और झपनी के बीच आज एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ से गुजरने वाली बरगी दाईं तट की मुख्य नहर (जो रीवा तक जाती है) अचानक फूट गई। नहर टूटने से भारी मात्रा में पानी ग्रामीण इलाकों में घुस गया है, जिससे क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। देखते ही देखते जल स्तर इतनी तेजी से बढ़ा कि ग्रामीणों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

नहर फूटने के बाद निकले पानी के सैलाब ने सगड़ा के पास के रिहायशी इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया। पानी के तेज बहाव के कारण दर्जनों गाँवों का संपर्क टूट गया है। लोगों के घरों के अंदर दो से तीन फीट तक पानी भर गया है, जिससे गृहस्थी का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। सबसे बुरा हाल किसानों का है, खेतों में खड़ी फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। ग्रामीण अपने मवेशियों और जान-माल की सुरक्षा के लिए ऊंचे स्थानों की ओर भाग रहे हैं। स्थिति यह है कि अभी भी जल स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे लोग दहशत में हैं।



### समय रहते नहीं हुआ मेंटेनेंस

ग्रामीणों का स्पष्ट आरोप है कि यह प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। नहर के तटबंध लंबे समय से कमजोर थे, जिसकी शिकायत पहले भी की गई थी, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। समय पर नहर की मरम्मत और सफाई न होना इस बड़ी दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। घटना के घंटों बाद भी राहत कार्य और जल आपूर्ति रोकने के पुख्ता इंतजाम न होने से स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### कोयला फाटक से कंठाल चौराहे पर धीमी गति से चल रहा चौड़ीकरण का कार्य, क्षेत्र वासियों की मुश्किलें बढ़ी

# नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैला

## गंदगी व कीचड़ की वजह से मच्छर पनप रहे, लोगों का दुर्गंध से बुरा हाल, ऐसे ही हालात में क्षेत्रवासी अपना जीवन यापन करने को विवश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत शहर के कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। लेकिन कार्य धीमी गति चल रहा है। गति धीमी होने से क्षेत्र में धूल, कीचड़ और गंदे पानी की समस्या बढ़ गई हैं। स्थानीय व्यापार ठप है, घर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है, जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है।

कोयला फाटक से निजातपुरा, नरेंद्र टाकीज व कंठाल चौराहे तक चल रहा चौड़ीकरण का कार्य काफी धीमा चल रहा है। इस कारण क्षेत्रवासियों की मुश्किलें बढ़ गई है। घर के बाहर जमा कीचड़ व गंदगी की वजह से लोगों का बाहर निकलना भी दुश्वार हो गया है। नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैला हुआ है और कीचड़ व





गंदगी से लोगों का बुराहाल है तथा गंदगी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं और ऐसे ही माहौल में क्षेत्रवासी अपना जीवन यापन करने को मजबूर है। बताया जाता है शुरूआत से ही कार्य धीमी गति से चल रहा है। इस कारण क्षेत्रवासियों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। बाहर फैली गंदगी व कीचड़ की वजह से लोगों का सड़कों से निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों महापौर मुकेश टटवाल व निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शहर में चल रहे चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण कर ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

**क्षेत्रवासियों ने कहा...**

नरेंद्र टॉकीज क्षेत्र में रहने वाले विजय शर्मा ने बताया कि सड़क पर नालियों का गंदा पानी जमा हो गया है और बाहर फैली गंदगी व कीचड़ की वजह से मच्छर पनप रहे हैं तथा लोगों का दुर्गंध से बुरा हाल है साथ ही पाइपलाइन फूटी होने की वजह से नालियों का गंदा पानी घर के अंदर पहुंच रहा है।

## नए रोड पर 90 के दशक पूर्व की वापसी

शहर से मात्र कुछ किलोमीटर की दूरी पर एक समय में कानवाई चलती थी। उस दौर में रात के समय में कानवाई के लिए वाहनों को रोका जाता था और एक साथ एक से दो दर्जन वाहनों को एक तरफ से छोड़ा जाता था। तत्कालीन दौर में इस व्यवस्था को नीलगंगा की वर्दी ने काफी वर्षों तक अंजाम दिया है। 2016 के महाआयोजन में जहां वैचारिक कुंभ को अंजाम दिया गया था वही वह गांव था जिसके पूर्व से ही कानवाई लगाई जाती थी। इधर से नीलगंगा की वर्दी वाहनों को लेकर इंदौर जिला अंतर्गत पहले थाना की सीमा तक जाती थी और उधर से सांवेर की वर्दी इस धर्म का निर्वहन करती थी। तीन दशक पूर्व की यह स्थिति एक बार फिर से लौट आई है। उस समय तो रात में ऐसा होता था करीब तीन दशक से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत अब तो नए बने हाईवे पर अब तो दिन के समय में भी कमर्शियल वाहनों पर कटिंग का खतरा मंडरा रहा है। आए दिन इस हाईवे के किसी न किसी केंद्र में दिन और रात में वाहनों के कटिंग की वारदात का मामला पहुंच रहा है। इंदौर से रतलाम को जोडने वाले इस हाईवे की इस नई समस्या से निपटने के लिए वर्दी भी जतन करती देखी जा रही है। वर्दी ने हाल ही में एक साथ कई केंद्रों की शक्ति के साथ कसरत की है। खुसूर-फुसूर है कि बस समय ही व्यतीत हो रहा है अब भी हाल बहुत ज्यादा नहीं बदले हैं। अपराधियों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं वे पास के जिलों से आकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।




### माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान के बाद

## राशि के अनुसार करें दान, बरसेगी महादेव की कृपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

यदि माघ मास की पूर्णिमा पर व्यक्ति अपनी राशि के अनुसार दान करता है, तो भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में चल रही बाधाएं धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि तक के जातकों को इस दिन किन चीजों का दान करना चाहिए।

भगवान शिव को समर्पित माघ मास का हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है। वेदों और पुराणों में इस मास को पुण्य फल देने वाला बताया गया है। विशेष रूप



से माघ मास की पूर्णिमा तिथि पर गंगा स्नान का विधान है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की ससुराल माने जाने वाले हरिद्वार की कुंभ नगरी में गंगा स्नान करने से व्यक्ति को समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही कुंडली में मौजूद ग्रहों से जुड़ी परेशानियां भी समाप्त होने लगती हैं।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्नान के साथ दान का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन किया गया दान कई गुना फल देने वाला माना जाता है। यदि माघ मास की पूर्णिमा पर व्यक्ति अपनी राशि के अनुसार दान करता है, तो भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में चल रही बाधाएं धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि तक के जातकों को इस दिन किन चीजों का दान करना चाहिए।

- मेष और वृश्चिक राशि के जातकों के लिए माघ पूर्णिमा पर लाल रंग की वस्तुओं का दान शुभ माना गया है। लाल वस्त्र, लाल मिठाई, लाल रंग के फल या अन्य सामग्री दान करने से शिव कृपा बनी रहती है और जीवन की परेशानियों का प्रभाव कम होता है।
- वृषभ और तुला राशि के जातकों को इस दिन गंगा स्नान के बाद सफेद रंग की वस्तुओं का दान करना चाहिए। सफेद वस्त्र, दूध, आटा, सफेद मिठाई, स्फटिक की माला या बर्फी दान करने से माघ मास और पूर्णिमा का पूरा फल प्राप्त होता है।
- मिथुन और कन्या राशि के जातकों के लिए हरे रंग की वस्तुओं का दान लाभकारी बताया गया है। गाय को हरा चारा, जरूरतमंदों को हरे वस्त्र, हरी मिठाई या स्कूल जाने वाली कन्याओं को पढ़ाई से जुड़ा सामान दान करने से ग्रह दोषों में कमी आती है और भगवान शिव की कृपा बनी रहती है।

## 25 राज्यों में होगा आरएसएस का मातृ संस्कार समागम, उज्जैन से शुरूआत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देश भर के 25 राज्यों के अलग-अलग शहरों में राष्ट्रीय सेवक संघ की महिला इकाई का मातृ संस्कार समागम कार्यकम आयोजित होगा। इसकी शुरूआत शनिवार को उज्जैन से हुई है। यहां पर मालवा प्रांत की 1200 महिलाएं एक साथ झालरिया मठ में होने वाले कार्यक्रम में शामिल हुईं। पहले दिन अलग-अलग सत्र में मातृत्व पर चर्चा हुई। अगले दिन रविवार को झालरिया मठ से निकलने वाली शोभा यात्रा में एक हजार महिला शामिल होकर महाकाल मंदिर पहुंचेगी। यहां सामूहिक शिव पंच स्त्रोत का पाठ करेंगी।

31 जनवरी और 1 फरवरी को आयोजित होने वाले मातृ संस्कार समागम कार्यकम के पहले दिन शनिवार को हरसिद्धि मंदिर के पीछे झालरिया मठ में उदघाटन सत्र में भैय्या जोशी आरएसएस कार्यकारिणी सदस्य, उषा ठाकुर विधायक, डॉ. पायल कनोडिया,रेखा खंडेलवाल, डॉ मृदुला प्रधान,डॉ वैशाली जोशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की संयोजिका सुनीता पाटिल ने बताया कि 25 राज्यों में होने वाले कार्यक्रम में उज्जैन को पहला मौका मिला है। कार्यक्रम में उज्जैन, इंदौर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा सहित 10 शहरों से महिला उज्जैन पहुंची हैं। यहां पर मां की दिनचर्या, वेशभूषा, भर्मण भवन में रहना जैसे विषयों पर बात होगी।

## न्यूज कॉलम

### मंत्री प्रहलाद पटेल ने बाबा महाकाल के किए दर्शन



**उज्जैन।** पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने आगामी कुंभ के लिए चल रहे कार्यों और महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की। मंत्री प्रहलाद पटेल उज्जैन में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद वे श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर दर्शन किए और भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। पटेल ने भगवान की देहरी पर विधिवत पूजन-अर्चन किया और जल अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि महाकाल की कृपा से दर्शन का अवसर मिलता है। वर्तमान में महाकाल मंदिर की व्यवस्थाओं को देखकर प्रतीत होता है कि आने वाले कुंभ की तैयारियां भी महाकाल की कृपा से और अधिक भव्य व दिव्य होंगी। उन्होंने भगवान से इसी प्रकार की प्रार्थना की। दर्शन के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंत्री प्रहलाद पटेल का स्वागत-सत्कार किया गया।

### माघ पूर्णिमा पर मां चामुंडा को स्वर्ण के वर्क से होगा भव्य श्रृंगार



**उज्जैन।** माघ पूर्णिमा रविवार को मां चामुंडा को स्वर्ण के वर्क से होगा। भव्य श्रृंगार एवं मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। सुबह जरूरत मंद लोगों को भोजन प्रसादी का वितरण कर शाम को महाआरती कर भक्तों को हलवे की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी भक्त समिति के सयोजक पंडित शरद चौबे एवं वरिष्ट सदस्य राजेंद्र शाह के द्वारा दी गई।

## शिक्षा का महत्वपूर्ण आभूषण : विनम्रता



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नालंदा एकेडेमी स्कूल के कक्षा बारहवी के छात्रों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवी के छात्र, छात्राओ ने मनोरंजक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती के विग्रह के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर स्कूल संचालक शैलेन्द्रसिंह शक्तावत ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राहुल शुक्ल व असिस्टेंट प्रोफेसर प्रीतीश जान का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। अपने उद्बोधन में पं राहुल शुक्ल ने कहा कि विद्या दधाति विनयम अर्थात विद्या विनम्रता व विनयशील होना सिखाती है। शिक्षा का अनमोल आभूषण विनम्रता है। सभी विद्यार्थी



सफलता प्राप्त कर अच्छे पदों को सुशोभित करें पर अपने व्यक्तित्व मे विनयशीलता अवश्य रखें। इस अवसर पर मिस्टर फैयरवेल छात्र अंकित कुमार को चुना गया। प्रीतिभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार व्याख्याता पंड्या ने माना।

### बाबा महाकाल के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

## इस बार 10 दिवसीय रहेगी शिवनवरात्र मंदिर में पर्व की तैयारियां हुई प्रारंभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

माघ मास शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर शनिवार सुबह भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस दौरान भक्तों ने देर रात से ही लाइन में लगकर अपने ईष्ट देव बाबा महाकाल के दर्शन किए। आज बाबा महाकाल भी भक्तों को दर्शन देने के लिए सुबह 4 बजे जागे। जिनका भस्म रमाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। भक्तों ने इन दर्शनों का लाभ लिया, जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर मे माघ माह शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर शुक्रवार सुबह 4 बजे भस्म आरती हुई। इस दौरान वीरभद्र जी से आज्ञा



लेकर मंदिर के पट खुलते ही पण्डे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन किया। उसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत और फलों के रस से किया गया। पूजन के दौरान प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। पुजारियों और पुरोहितों ने इस दौरान बाबा महाकाल का आकर्षक स्वरूप में श्रृंगार कर कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को नवीन मुकुट धारण कराया। जिसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल के शिवलिंग पर भस्म अर्पित की गई और फिर झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़े और शंखनाद के साथ भस्मारती हुई। आज के श्रृंगार की विशेषता यह थी कि आज बाबा महाकाल का ऐसा दिव्य श्रृंगार किया गया था कि बाबा महाकाल के शिवलिंग पर एक और शिवलिंग नजर आया। आज बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ हजारों भक्तों ने लिया और जय श्री महाकाल का जयघोष भी किया। मान्यता है कि भस्म अर्पित करने के बाद भगवान निराकार से साकार स्वरूप में दर्शन देते हैं।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि-महाशिवरात्रि पर्व 2026 का आयोजन 6 फरवरी से 15 फरवरी 2026 (महाशिवरात्रि महापर्व) तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। महापर्व को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई हैं। पर्व की तैयारियों के अंतर्गत मंदिर के मुख्य शिखर की धुलाई, मंदिर परिसर की रंग-रोगन (पुताई), कोटितीर्थ कुंड की सफाई तथा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की व्यापक सफाई कार्य सतत रूप से किया जा रहा है।

### ग्राम नलवा में गंभीर नदी के किनारे अच्छी संख्या में देखे गए

## उज्जैन में दुर्लभ एशियन वूली-नेक्ड स्टॉर्क पक्षी

### ऊनी गर्दन वाले सारस के रूप में पहचाने जाते हैं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रवासी पक्षियों के लिए गंभीर नदी के ग्रामीण क्षेत्रों का नया बसेरा सामने आया है। उज्जैन तहसील क्षेत्र के नलवा ग्राम में गंभीर नदी के समीप हाल ही में दुर्लभ प्रजाति के पक्षी एशियन वूली-नेक्ड स्टॉर्क देखे गए हैं। ये पक्षी पहली बार ही क्षेत्र में देखे गए हैं। इन पक्षियों का इस क्षेत्र में दिखाई देना पर्यावरण एवं जलस्त्रोतों की दिशा में सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।



दुर्लभ प्रजाति के पक्षी एशियन वूली-नेक्ड स्टॉर्क को शनिवार दोपहर को पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी दिलीप मेहता ने नलवा ग्राम के पास गंभीर नदी के हिस्से में देखा। उन्होंने मोबाइल से इनके फोटो लिए और काफी देर तक इनका अध्ययन किया। करीब एक दर्जन से ज्यादा पक्षी यहां पर देखे गए। मेहता के अनुसार ऊनी-गर्दन वाले ये सारस प्रायः स्वच्छ आर्द्रभूमि, तालाबों, नदियों के किनारे एवं कृषि क्षेत्रों में पाए जाते हैं। मछलियों, कीट-पतंगों तथा छोटे जलीय जीवों को भोजन के रूप में ग्रहण कर ये पक्षी प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेहता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ द्वारा इस प्रजाति को लगभग संकटग्रस्त श्रेणी में रखा गया है। पर्यावरण प्रेमियों एवं ग्रामीणों ने इन पक्षियों की सुरक्षा तथा गंभीर नदी क्षेत्र के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है।



नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर-उज्जैन | सोमवार, 02 फरवरी, 2026 | awantika.com



## आपकी खबरें...

### महाकाल मंदिर में शिव नवरात्र महोत्सव 6 से

**उज्जैन।** शिव आराधना का पर्व शिव नवरात्र इस बार नौ की बजाय 10 दिन का रहेगा। धर्मशास्त्र के जानकारों के अनुसार शिव की साधना हो या शक्ति की उपासना अगर नवरात्र में तिथि की वृद्धि होती है, तो इसे शुभ माना जाता है। इस बार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि से त्रयोदशी तक 10 दिन शिवनवरात्र उत्सव मनाया जाएगा। इसमें अष्टमी तिथि दो दिन रहेगी, जो साधना आराधना की दृष्टि से बेहद शुभ है। ज्योतिर्विद पं.हरिहर पंड्या ने बताया शिवनवरात्र में तिथि की वृद्धि होना बेहद शुभ व श्रेष्ठ है। शास्त्रों में कहा गया है 'अधिकस्य अधिकं फलं' अर्थात तिथि की अधिकता ज्यादा फल प्रदान करती है। साधना का अवसर एक दिन अधिक मिलता है। 6 फरवरी को फाल्गुन कृष्ण पंचमी से शिवनवरात्र की शुरूआत होगी। 15 फरवरी को त्रयोदशी पर महाशिवरात्रि का पर्वकाल रहेगा।

### कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने नगर निगम के प्रगतिरत कार्यों का शनिवार दोपहर निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व कॉलोनी से भार्गव हार्टकेयर तक 24 मी. चौडाई और 350 मी. लंबाई की सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से कर समयावधि में पूर्ण करें। निर्माण के दौरान निर्धारित मापदंड और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।निरीक्षण के दौरान प्रभारी नगर निगम आयुक्त श्री संतोष टैगोर, अपर आयुक्त नगर निगम श्री पवन कुमार सिंह और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पतंजलि दूध बिस्किट में वजन घोटाला

**इंदौर।** जागरूक उपभोक्ता समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार अमोलिया ने बताया कि एक उपभोक्ता शिवानी ने हमें शिकायत की थी। 10 रुपये के पतंजलि दूध बिस्किट पैकेट पर 70 ग्राम वजन लिखा था, लेकिन वास्तव में केवल 57 ग्राम ही मिला। यह 13 ग्राम की कमी थी, जो नापतौल विभाग के नियमों (4 ग्राम तक की छूट) से कहीं अधिक है। अमोलिया के अनुसार, हमने शिकायत को नापतौल विभाग में दर्ज कराया। निरीक्षक केएस चौधरी और उप नियंत्रक संजय पाटणकर ने जांच की, जिसमें वजन कम पाया गया। विक्रेता, निमार्ता पतंजलि और अन्य 9 पक्षकारों पर कुल 55,000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। कुछ ने राजीनामा कर राशि जमा की है।

### यूनिक अस्पताल पर सड़क पर पार्किंग कराने पर कटे चालान

**इंदौर।** शहर के पश्चिम क्षेत्र स्थित यूनिक अस्पताल के बाहर सड़क पर अवैध पार्किंग कराने का मामला सामने आया है। पुलिस की बार-बार चेतावनी के बावजूद जब अस्पताल की सिक्योरिटी सर्विस सड़क पर गाड़ियां खड़ी कराती रही, तो ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मौके पर चालानी कार्रवाई कर दी। कार्रवाई उस समय हुई जब अस्पताल परिसर और आसपास की सड़क पर कई वाहन खड़े मिले। ट्रैफिक पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर वाहनों के चालान काट दिए। जब वाहन चालक वापस लौटे तो उन्हें चाबी के साथ चालान थमाया गया। इसे लेकर वाहन चालकों और अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड के बीच तीखी बहस भी हुई।

वाहन चालकों का आरोप है कि उनकी गाड़ियां पार्किंग में नहीं, बल्कि सिक्योरिटी गार्ड के कहने पर सड़क पर खड़ी करवाई गईं। चालकों ने सवाल उठाया कि जब अस्पताल के पास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है, तो फिर सड़क पर वाहन खड़े कराने की जिम्मेदारी किसकी है और चालान का भुगतान कौन करेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से अस्पताल प्रबंधन और उसकी सिक्योरिटी सर्विस सड़क पर खुलेआम पार्किंग करवा रही है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। कई बार समझाइश के बाद भी जब स्थिति नहीं सुधरी, तो ट्रैफिक पुलिस को चालानी कार्रवाई करनी पड़ी।

फिर चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान, 7 चौराहों को बनाया जाएगा सुगम

## मुख्य मार्गों से हटेंगी बाधाएं, पार्किंग क्षमता का होगा उपयोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। शहर के प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण और यातायात में बाधक अन्य अवरोधों को हटाने के लिए फिर विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान जिला प्रशासन, यातायात पुलिस, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा संचालित किया जाएगा।

यह निर्णय शुक्रवार को कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में बताया गया कि शहर में शासकीय और अशासकीय पार्किंग स्थलों की पूरी क्षमता के अनुसार उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। सभी पार्किंग स्थलों पर सूचना पटल लगाए जाएंगे। आवश्यक व्यवस्थाएं अगले 8 से 10 दिनों में पूरी की जाएंगी। इसके बाद उपलब्ध पार्किंग के बावजूद सड़कों पर वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए क्रेनों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।



**यातायात सुधार की दिशा में इंदौर के ये 7 प्रमुख चौराहे**

टावर चौराहा, नवलखा, महू नाका, अग्रसेन चौराहा, कालानी नगर चौराहा, पलासिया चौराहा और गीता भवन चौराहा पर तकनीकी और अधोसंरचनात्मक सुधार किए जाएंगे, ताकि यातायात अधिक सुगम और सुरक्षित हो सके। इसके साथ ही सड़कों पर स्पष्ट मार्किंग करने और बिना अनुमति कहीं भी स्पीड ब्रेकर न बनाए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में राजवाड़ा क्षेत्र की संकरी गलियों में बसों, चारपहिया वाहनों और रिक्शाओं के प्रवेश पर नियंत्रण को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं ई-रिक्शा संचालन के लिए बनाए गए 7 सेक्टरों की व्यवस्था को लेकर भी सुझाव दिए गए। बताया गया कि अब तक 3200 से अधिक ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हो चुके हैं। ई-रिक्शा पर सेक्टरवार कलर कोडिंग और स्टीकर अनिवार्य रहेंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निमार्णाधीन ब्रिज और सड़कों के आसपास ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे यातायात प्रभावित न हो। निर्माण स्थलों पर पर्याप्त लाइटिंग, सिग्नल टाइमिंग में सुधार और जाम की स्थिति से बचाव के लिए विशेष कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में राहवीर योजना के अंतर्गत चार प्रकरणों का अनुमोदन किया गया। इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। अस्पतालों में योजना से संबंधित फ्लैग्स लगाए जाएंगे। साथ ही शहर में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्यों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

## एसआईआर: हर दूसरा अनमैप्ड वोटर अब भी बाहर

जिले में 35 हजार वोटर नोटिस के बाद भी नहीं मिले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया चुनौती बनती जा रही है। जिले में कुल 1.33 लाख अनमैप्ड मतदाताओं की पहचान की गई थी, जिनकी सुनवाई और सत्यापन की जिम्मेदारी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को दी गई है।

अब तक 1.02 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 65.15 प्रतिशत मामलों में सुनवाई के बाद मतदाता विवरण को अप्रूव कर दिया गया है, जबकि 3.15 प्रतिशत मामलों में आवेदन रिजेक्ट हुए हैं।

हालांकि, अब भी 49.85 प्रतिशत मतदाता या तो सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुए, घर पर नहीं मिले या उनकी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। आंकड़े बताते हैं कि 35,871 मतदाता यानी करीब 26.83 प्रतिशत अब भी पूरी तरह संपर्क में नहीं आ पाए हैं।

विधानसभा क्षेत्रवार स्थिति देखें तो इंदौर-1 और राऊ क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता अनुपस्थित या अनट्रेस हैं। इधर, सुनवाई प्रक्रिया तेज करने के लिए जिले में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है। पहले 98 एईआरओ केंद्रों का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे बढ़ाकर अब 193 किया गया है।

निर्वाचन विभाग के अनुसार तार्किक (लॉजिकल) त्रुटियों की श्रेणी में करीब 5.39 लाख मतदाता शामिल हैं, जिनके नाम या जन्मतिथि में मामूली विसंगतियां पाई गई हैं। ये सभी नाम 2003 की मतदाता सूची से मैप किए जा चुके हैं, लेकिन विवरणों में अंतर होने के कारण इन्हें सत्यापन के दायरे में रखा गया है।

इन मामलों में बीएलओ द्वारा दस्तावेज एकत्र कर घोषणा पत्र भरवाए जा रहे हैं और पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे हैं। गंभीर विसंगति होने पर ही मतदाताओं को सुनवाई केंद्र पर बुलाया जा रहा है।



**नोटिस वितरण को लेकर बीएलओ नाराज**

नोटिस वितरण को लेकर बीएलओ में नाराजगी भी सामने आई है। बीएलओ का कहना है कि बार-बार नोटिस देने से मतदाता असहज और नाराज हो रहे हैं, जिससे फील्ड में तनाव की स्थिति बन रही है। उनका तर्क है कि जिन मामलों में दस्तावेज पहले ही ऑनलाइन अपलोड हो चुके हैं, उनका सत्यापन सीओ या एईआरओ स्तर पर किया जाना चाहिए, ताकि दोबारा नोटिस जारी करने की जरूरत न पड़े।

## सिंहस्थ के लिए चल रहे विकास कार्यों के लिए हर दिन का समय महत्वपूर्ण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को सिहंस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरुप अधिकारी निर्माण कार्य स्थल पर उपस्थित रहकर नियमित रुप से प्रगतिरत कार्यों की मॉनीटरिंग करें। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे, जिससे श्रद्धालुओं के सिंहस्थ 2028 के अनुभव को भव्य, दिव्य और आध्यात्मिक स्वरूप दिया जा सके। समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को सिंहस्थ के लिए किए जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देकर कहा कि विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक-एक दिन महत्वपूर्ण है। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम को मार्ग चौडीकरण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रत्येक सप्ताह नगर निगम मार्ग चौडीकरण के कार्यों की रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत करें और रिपोर्ट में किए गए कार्यों की फोटो भी संलग्न करें। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम के सहायक यंत्री और उप यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में स्मार्ट सिटी सीईओ श्री संदीप शिवा ने जानकारी दी कि विक्रम कीर्ति मंदिर का इंटीरियर का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर ने वीरभारत न्यास के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में यूडीए के कार्यों की भी समीक्षा की गई।बैठक में प्रभारी नगर निगम आयुक्त श्री संतोष टैगोर, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री गोपाल डाड और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए प्रशिक्षण

**उज्जैन।** सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि नवजात शिशुओं के स्वस्थ भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए "मिशन कोमल स्पर्श" की शुरूआत की जा रही है। इस मिशन का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 25 जनवरी को उज्जैन में संभाग के सभी जिलों के लिए किया गया था। मिशन कोमल स्पर्श उज्जैन कमिश्नर श्री आशीष सिंह, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा श्री अरबिंदो अस्पताल इंदौर डॉ. विनोद भंडारी के सहयोग से सभी प्रसव केंद्रों में प्रारंभ किया गया है।

## महाकाल मंदिर मुख्य मार्ग का अतिक्रमण भी नहीं हटा पा रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के बाद तुरंत फिर तेजी से शुरू हो चुका है। नगर निगम ने भले ही सख्ती दिखाकर अतिक्रमण हटाया, लेकिन अब फिर 24 मीटर चौड़ी सड़क पैदल निकलने वालों के लिए भी नहीं बची है। दुकानदार और ई-रिक्शा-ऑटो वाले बीच में खड़े होकर सड़क जाम कर रहे हैं।

कुछ लोग सड़कों पर ही नीचे बैठकर दुकानें लगा रहे हैं। निगम की अतिक्रमण गैंग और पास में महाकाल थाना होने के बावजूद समस्या हल नहीं हो पा रही। श्रद्धालु जैसे-तैसे मंदिर तक पहुंच रहे हैं। अतिक्रमण गैंग, निगम अधिकारी और पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।




## प्रदेश कांग्रेस को ताकत देने में लग गए जीतू पटवारी

राहुल के दौरे के बाद बदले समीकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रदेश कांग्रेस को मजबूत करने के लिए अध्यक्ष ने जी-जान एक कर दी है। राहुल गांधी की यात्रा के बाद जो समीकरण बनाए जा रहे है, उससे कांग्रेस को भी नई ताकत मिलने की संभावना दिख रही है और ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में और भी बदलाव हो सकता है। इसके लिए पूरी तैयारी हो चुकी है और आने वाले दिनों में बड़े प्रदर्शन के रास्ते भी अख्तियार किए जा सकते है।

भागीरथपुरा में जो घटना हुई है, उसके बाद से एक बार फिर कांग्रेस को ताकत मिल गई है और उन्होंने इस मुद्दे को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

हर तरीके से इस मुद्दे को मैदान में लाया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जब इन्दौर आए थे तो उन्होंने भी यही बात कही थी कि राजनीति नहीं करने आया हूं और इस मामले को लोकसभा में उठाने के लिए भी कहा था।

राहुल की यात्रा के बाद से ही कांग्रेसियो में ताकत दिखाई दे रही है। हालांकि एक कारण यह भी है कि इन्दौर में जो न्याय यात्रा निकली थी उसमें भी जबरदस्त भीड़ नजर आई थी और राजबाड़ा पर पहली बार इतनी संख्या में कार्यकर्ता नजर आए थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसी बात को लेकर तैयारी तेज कर दी है और ऐसे नेताओं को तवज्जों दी जा रही है, जो संगठन को लेकर चले और कार्यकताओं को अपनी जिम्मेदारी दें। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े को भी कई तरह की जिम्मेदारी दे दी गई है और वे भी अब मैदान में उतर रहे है।

आने वाले दिनों में हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने अपनी प्लानिंग तैयार कर ली है और उसका ब्लू प्रिंट भी तैयार कर लिया है। माना जा रहा है कि जितने भी जिले है वहां पर अब पूरी ताकत के साथ कांग्रेस उतरने की तैयारी में है।

विधानसभा चुनाव को ढाई साल बचे है इसलिए उन्होने अभी से मैदान पकड़ लिया है लेकिन अगले साल नगर निगम चुनाव है।

उसके पहले ही यहां पर पूरी ताकत के साथ तैयारी चल रही है। कार्यकताओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए भी हर तरह की कोशिशें की जा रही है। कई नेताओं को भाजपा ने तोड़ लिया था। चुनाव के पहले ऐसे हालात फिर बनाए जाएंगे इसके अभी से रणनीति बनाई जा रही है ताकि कोई परेशानी न हो सके।

राहुल ने भी मध्यप्रदेश के मामले में जाल बिछाना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया की मजबूत टीम उनके साथ काम कर रही है और कोशिश यही है कि वो किसी भी तरीके से पार्टी को मजबूत करें। भाजपा का जवाब देने के लिए भी उन्होंने हर तरीके से मैदान पकड़ा है।

'मूड ऑफ द नेशन' के सर्वे ने चौंकाया

## अगर आज हुए चुनाव तो बीजेपी के हाथ से निकल सकती हैं कई सीटें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

साल 2024 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप करने वाली भारतीय जनता पार्टी के लिए आने वाले समय की राह इतनी आसान नहीं दिख रही है. इंडिया टुडे और सी-वोटर के हालिया सर्वे 'मूड ऑफ द नेशन' (Mood of The Nation) के आंकड़ों ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है. इस सर्वे के मुताबिक, अगर आज मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव होते हैं तो बीजेपी को अपनी कुछ सीटों से हाथ धोना पड़ सकता है, जबकि कांग्रेस की स्थिति में सुधार होता नजर आ रहा है.

वोट शेयर में गिरावट का संकेत



सर्वे के परिणामों पर नजर डालें तो एनडीए और इंडिया अलायंस दोनों के वोट शेयर में बदलाव देखने को मिल रहा है.

**NDA (बीजेपी+):** सर्वे के अनुसार एनडीए को 55.3% वोट शेयर मिलने का अनुमान है. बता दें कि 2024 के चुनाव में बीजेपी को करीब 60% वोट मिले थे यानी सीधे तौर पर वोट शेयर में गिरावट दर्ज की जा रही है.

**INDIA अलायंस (कांग्रेस+):** विपक्षी गठबंधन को 31.5% वोट शेयर मिलने की संभावना जताई गई है.

**अन्य:** इस सर्वे में सबसे ज्यादा फायदा अन्य के खाते में जाता दिख रहा है जिन्हें 13.2% वोट शेयर मिल सकता है.

### कांग्रेस की हो सकती है वापसी?

2024 के चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था और छिंदवाड़ा जैसी मजबूत सीट भी उसके हाथ से निकल गई थी, लेकिन मूड ऑफ द नेशन सर्वे के आंकड़े कांग्रेस के लिए राहत भरी खबर लेकर आए हैं:

**BJP/NDA:** सर्वे के मुताबिक बीजेपी को 25 से 27 सीटें मिल सकती हैं. 2024 की 29 सीटों के मुकाबले यह बीजेपी के लिए नुकसान की स्थिति है.

**Congress/INDIA:** शून्य पर सिमटने वाली कांग्रेस इस बार 3 से 5 सीटें जीतती हुई नजर आ रही है.

**जनता की राय पर आधारित है सर्वे**

यह सर्वे मध्य प्रदेश की जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों, लोकतंत्र की स्थिति और विपक्ष की भूमिका जैसे विभिन्न पैमानों पर पूछे गए सवालों के आधार पर तैयार किया गया है. हालांकि अगले लोकसभा चुनाव में अभी काफी समय है लेकिन ये आंकड़े राज्य की राजनीतिक दिशा में बदलाव का संकेत जरूर दे रहे हैं.

## महाकाल में गर्भगृह प्रवेश पर नियमों पर बहस जारी



**भक्तों की मांग के बीच भीड़ नियंत्रित करने की कवायद**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था, विशेषकर गर्भगृह में प्रवेश को लेकर लंबे समय से विवाद का विषय बनी हुई है। आम श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति नहीं है, जबकि कुछ राजनेताओं और प्रभावशाली व्यक्तियों को वीआईपी श्रेणी में वहां पूजा-अर्चना की अनुमति दी जाती रही है।

इसी को लेकर न्यायिक स्तर पर भी मामला पहुंचा। इस विषय में पहले हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसमें यह सवाल उठाया गया था कि जब देशभर से लाखों श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए आते हैं और उन्हें दूर से दर्शन करने पड़ते हैं, तो कुछ लोगों को विशेष अनुमति क्यों दी जाती है।

## न्यूज-कॉलम



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नगर में चला जागरूकता अभियान

**आलीराजपुर।** पुलिस मुख्यालय क्कञ्जक्रद्ध भोपाल के निर्देशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आलीराजपुर में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गत दिवस जिला मुख्यालय पर जिला परिवहन अधिकारी कृतिका मोहटा के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस आलीराजपुर की संयुक्त सहभागिता से एनसीसी कैडेटों को यातायात मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मानव श्रृंखला बनाई गई तथा वाहन चेकिंग के दौरान यातायात मित्रों को शामिल किया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों को आवश्यक दस्तावेजों, उनकी अनुपस्थिति में चालानी एवं कानूनी कार्यवाही की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण उपरांत आलीराजपुरझ्रदाहोद रोड पर यातायात मित्रों को प्रायोगिक रूप से वाहन चेकिंग के गुर सिखाए गए तथा यातायात को सुगम बनाने के तरीके समझाए गए। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात मित्रों के साथ मिलकर आवागमन को सुव्यवस्थित कराया गया।

## डॉ.मोनिया सिंह यादव को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया



**नेपानगर।** नेपानगर निवासी डॉ.मोनिया मोहिंदर सिंह यादव को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के साथ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उज्जैन राजा विक्रम विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी से दी गई इस उपाधि पर परिवार और नगर वासियो ने बधाई दी है। डॉ.मोनिया मोहिंदर सिंह यादव नेपा लिमिटेड में कार्यरत हैं और उन्होंने कार्य के साथ ही पीएचडी की उपाधि हासिल की है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए नेपा लिमिटेड के उच्च अधिकारियों द्वारा गणतंत्र दिवस पर उन्हें सम्मानित भी किया गया है।

## गांधी विचारधारा मौजूदा समय में अधिक प्रासंगिक- सुभाष नागौरी

**खण्डवा।** गांधी स्मारक निर्माण समिति द्वारा रायचंद नागडा शाला परिसर में गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रार्थना सभा, श्रद्धांजलि का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता, गांधी विचारक सुभाष नागौरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ । प्रारंभ में अतिथियों द्वारा गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्जवल कर सभा आरंभ हुई। गांधी स्मारक निर्माण समिति अध्यक्ष डॉ. मुनीश मिश्रा ने कहा कि गांधी विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। गांधी विचार नहीं दर्शन है। मुख्य अतिथि गांधी विचारक सुभाष नागौरी ने कहा कि महात्मा गांधी आजादी के महानायक और एक ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने देश को अंग्रेजा से आजाद करवाने के लिए कठोर संघर्ष किए और अपना पूरा जीवन राष्ट्र के हित के लिए समर्पित कर दिया।

# अपने द्वारा पाली हुई गाय का ही गौदान करे - पण्डित शुभम दुबे

### पाण्डाल में गोवर्धन पूजा हुई व छप्पन भोग लगाया, कथा में उमड़ा जनसैलाब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



बेटी घर का जीवन बदल देती है। लोग गिरवी रखकर भी बेटी की शादी की तैयारी करते है व बेटी की जिद पूरी करते है। आज कल के लोग घर बेठे सब्जी देने आये तो उससे भाव करते है व रेस्टोरेन्ट में उसी सब्जी के 250 रुपए देते है। गौदान, स्वर्ण दान, भूमि दान के साथ ही कन्यादान का महत्व है। भगवान कहते है कि जो दूसरे के हित की बात करता है, वह मुझे सर्वाधिक प्रिय है। यदि भगवान ने दिया है, तो लोगां का हित व भला किजिये। पहले सत्कर्म गौशाला में होते थे, अब गार्डन में होते है।

उपरोक्त विचार नारायण सा परिवार द्वारा वाणी मोहल्ले में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में पण्डित शुभम दुबे हातोद वाले ने कथा के पांचवे दिन व्यासपीठ से कही। पूज्य पण्डित जी शुभम दुबे ने आगे कहा कि द्वापर में जिसके घर गौमाता होती थी, वह सबसे धनवान माना जाता था। गौदान का महत्व समझाते हुए कहा कि अपनी पाली गाय का ही गौदान करना चाहिए। गौदान के साथ गौसेवा करो। गौसेवा तीन प्रकार की होती है गौशाला जाकर गौमाता की सेवा करे, गौरक्षा के लिए गुरूमंत्र की माला का जाप करे, गौसेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना शुरू करे। वासुदेव, कंस व प्रभावति की कथा का भी पण्डित जी ने जिक्र किया।

मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि आज पाण्डाल में गोवर्धन पूजा हुई व भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। पूरे पाण्डाल को बलून से सजाया गया था। पूज्य पण्डित जी ने जैसे ही भजन च्च्आओ आओ सांवरिया, आगे जिमो जी, छप्पन भोग तैयार जी, तारा तापरिया मनुहार जी, जिमें आवे जिमो जी भोग लगाओ,च्च च्च्आनन्द उमंग भरिया, जय कन्हैयालाल कीच्च्, च्च्मच गया सोर सारी नगरी मेंच्च्, च्च्अब किसके लिए इतना कमाते हो बाबुजी, क्या याद मेरी आयेगी, मिल गये जब से नैनों से नेना, एक पल भी न आये चैनाच्च्, गाया पूरा पाण्डाल नृत्य व गरबा रास से झुम उठा। आज रविवार कथा का विश्राम दिवस है। कथा 2 बजे से 6 बजे तक होगी। कथा में आलीराजपुर के अलावा, महु, छोटा उदयपुर, कंवाट, बखतगढ़ नानपुर, जोबट, इन्दौर, वड़ोदरा, बोड़ेली, चन्द्रशेखर आजादनगर, पानसेमल, निवाली, कुक्षी सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालु उपस्थित हुए। आज कथा में भारी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। आज की दुध प्रसादी के यजमान विक्रम भाटिया व खिरन की प्रसादी के यजमान जगदीशचन्द्र कांतिलाल वाणी, सुभाष कांतिलाल वाणी, गब्बु वाणी दलाल, मुकेश वाणी व परिवार थे। आयोजक परिवार की ओर से छप्पन भोग प्रसादी बांटी गयी।

# रहवासी क्षेत्र के सामने अवैध व्यापार एवं शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



समीप ग्राम पिपलिया जोधा में शासकीय स्कूल के सामने रहवासी क्षेत्र के सामने अवैध व्यापार एवं शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा हाडा डेरे को गांव से दूर करने शराब दुकान को बंद करने की मांग को लेकर एवं पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने की मांग को लेकर करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन एवं रैली निकालकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया।

शुक्रवार को पिपलिया जोधा ग्राम में करणी सेना प्रमुख शेरपुर के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों के साथ ग्राम की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के हाथों में तख्तियां लेकर पैदल गांव से मानन खेडा पुलिस चौकी तक पहुंचे जहां पहले धेराव किया गया ।रास्ते भर ग्रामीण विभिन्न नारे लगाते हुए चल रहे थे ।

उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी की रात को पिपलिया जोधा में बांछडा बस्ती में आए युवकों को भगाने पर विवाद की स्थिति बनी और डेरे के लोगों ने ग्रामीणों पर पथराव कर दिया इसमें कई ग्रामीण ग्रामीण घायल हो गए। उक्त घटना को गंभीर अपराध में पंजीकृत कर आरोपियों को चिन्हित किया जावे। ग्राम पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को सक्रिय किया जावे तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कैमरे लगाए जावे ।

शेरपुर ने कहा कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ पुनः आंदोलन किया जावेगा।

# जी राम जी अधिनियम 2025) पर एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग




बाग भाजपा मंडल ने शनिवार को "विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन" (जी राम जी अधिनियम 2025) पर एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं और आमजन को केंद्र सरकार की इस नई रोजगार गारंटी योजना की बारीकियों से अवगत कराना था। सम्मेलन के मुख्य वक्ता पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी और भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष राकेश मोटसरा ने बताया कि नए अधिनियम के तहत अब रोजगार की अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए बजट बढ़ाकर 88 हजार करोड़ रुपए कर दिया है, जिसे राज्यों को आवंटित भी किया जा चुका है।

वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नई योजना में पारदर्शिता के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया है। अब बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो टैगिंग और लाइव डैशबोर्ड के माध्यम से काम की निगरानी की जाएगी, जिससे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर लगाम लगेगी।

खास बात यह है कि अब योजनाएं दिल्ली या भोपाल के दफ्तरों में नहीं, बल्कि ग्रामीण स्तर की आवश्यकताओं के अनुसार गांव में ही तैयार की जाएंगी।भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस योजना के फायदों को लेकर ग्रामीणों के बीच जाएं और उन्हें किसी भी तरह के भ्रम से बचाएं। उन्होंने कहा कि १२५ दिनों का तय रोजगार मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि रथ भ्रमण कर उन्नत खेती की जानकारी दी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत किसानों को आधुनिक खेती सरकारी योजनाओ से जोड़ने के लिए बाग विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रो में कृषि रथ भ्रमण कर उन्नत खेती की जानकारी दी जा रही है । मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषक कल्याण कार्यक्रम 2026 को समृद्ध किसान समृध्द प्रदेश के रुप में मनाने हेतु यह रथ गांव गांव भेजा जा रहा जिससे किसानों को उन्नत खेती करना सिखाया और बताया जा रहा है उसी तारतम्य में गुरुवार को कृषि रथ बाग पंचायत में भ्रमण किया जनपद सभा कक्ष में किसानों को खेती के बारे मे विशेष जानकारी देते कार्यक्रम को प्रारंभ किया ।

जिसमे कृषि विज्ञान केन्द्र मनावर के वरिष्ठ वैज्ञानिक मृदा विज्ञान के डाक्टर नरेश कुमार गुप्ता ने कृषको को प्राकृतिक खेती के साथ किसान अपने घर पर जैविक दवाई बनाकर रोग एवं किट नियंत्रण की जानकारी दी । गयी साथ ही साथ ही यूरिया खाद को कम उपयोग करने की सलाह दी गई। और उसकी जगह नैनो यूरिया और नैनो डी,एपी,के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी अनुभाग कुक्षी श्री मनोज चौहान सर द्वारा आगामी खरीफ सीजन में यूरिया सुपर डीएपी रासायनिक खादो का वितरण ई-टोकन वितरण प्रणाली के माध्यम से किसानों को प्राप्त होगा साथ ही किसानों को खेती की मिटटी की जांच निशुल्क की जावेगी। व फसल विविधीकरण के साथ मिश्रित खेती को बढ़ावा दिया जाना है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कृषि यंत्र अनुदान के बारे में भी विस्तार पूर्वक किसानों को बताया ताकी किसान इन योजनाओं का लाभ आसानी से ले सके । उक्त कार्यक्रम में सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया कृषि विभाग का समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे । कार्यक्रम का अंत में अभार वरिष्ठ कृषि विभाग अधिकारी मेहताब चौहान ने माना ।

**पश्चिम रेलवे**

**पेंटिंग और मरम्मत के काम**

डिविजनल रेलवे मैनेजर (WA), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008, ई-टेंडर नोटिस नंबरः BCT/25-26/307 दिनांक 29.01.2026 आमंत्रित करते हैं। काम और स्थानः (1)लोअर परेलः- सर्विस बिल्डिंग और अगस्त क्रांति कॉलोनी की समय-समय पर पेंटिंग और छोटी-मोटी मरम्मत (2) सर्विस बिल्डिंग और अगस्त क्रांति की समय-समय पर पेंटिंग और छोटी-मोटी मरम्मत। काम की अनुमानित लागतः 2,25,15,614.66। EMD 2,62,600/-। जमा करने की तारीख और समयः 24.02.2026 तक, 15.00 बजे। खोलने की तारीख और समयः 24.02.2026 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1070

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि सेक्टर-सी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलिया इंदौर में स्थित भूखण्ड क्रमांक-967 मुकेश राय पिता श्री राधाकान्त राय को म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड दिनांक 20.01.2024 को बजर्ये रजिस्ट्री के माध्यम से श्रीमती ज्योति कुमारी पति श्री निखिल कुमार को विकय किया गया है। एवं इनके द्वारा मण्डल में अपने नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है, जो कि विचाराधिन है। यहाँ यह भी उल्लेख है कि उक्त भूखण्ड के मूल आवंटी को उनके ज्ञात पतों पर काफी ढूढा व तलाशा परंतु उनका कहीं कोई अता पता नही चल सका है। वह अन्यत्र सपरिवार कहीं बाहर चले गए है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

**संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, अम्बेडकर नगर इंदौर में श्री मथुरा सिंह पिता श्री हरगोविन्द सिंह को भूखण्ड क्रमांक 361 म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी श्री मथुरा सिंह पिता श्री हरगोविन्द सिंह का देहान्त दिनांक 01.09.2025 को हो गया था। श्री मथुरा सिंह पिता श्री हरगोविन्द सिंह की मृत्यु उपरांत उक्त संपत्ति के वैध वारिस के रूप में उनकी पत्नी श्रीमती लीला बाई कुशवाह एवं उनके पुत्र श्री सरजू कुशवाह एवं 3 पुत्री श्रीमती आशा बाई कुशवाह, श्रीमती सरिता कुशवाह एवं श्रीमती उषा कुशवाह ही है। अन्य कोई वारिस नही है। श्री मथुरा सिंह पिता श्री हरगोविन्द सिंह की मृत्यु उपरांत उपलब्ध दस्तावेजो कि आधार पर मण्डल रिकार्ड से आवंटी का नाम विलोपित करने एवं श्री सरजू कुशवाह पिता श्री मथुरा सिंह कुशवाह के नाम से मण्डल में नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है। जो कि विचाराधिन है। यहाँ यह भी उल्लेख है कि परिवार के अन्य सदस्यो की सहमती शपथ पत्र के माध्यम से दि गई है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे । समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

**संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि एल आय जी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलिया इंदौर में स्थित भवन क्रमांक 145 श्री बसन्त कुमार यादव पिता श्री जगन्नाथ यादव को म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी ने उक्त भवन बजर्ये रजिस्ट्री दिनांक 14.05.2024 से श्री नरेन्द्र पिता श्री गणपतलाल सरसोदिया को विक्रय किया था। इन्होने मण्डल के रिकार्ड मे उक्त भवन स्वयं के नाम से नामांतरण नहीं कराते हुए उक्त भवन बजयें रजिस्ट्री दिनांक 05.11.2007 से श्रीमती कल्पना वैद्य पति श्री सुरेश वैद्य एवं श्री सुरेश वैद्य पिता श्री विश्वनाथ वैद्य को विक्रय किया गया है। ततपश्चात श्री सुरेश वैद्य पिता श्री विश्वनाथ वैद्य का देहांत दिनांक 24.10.2022 को हो गया है। इनके देहांत के बाद उक्त संपत्ति के वैद्य वारिस के रूप में श्रीमती कल्पना वैद्य पति श्री सुरेश वैद्य ही है अन्य कोई नहीं है। जिसके तहत इन्होने मण्डल मे अपने नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है। जो कि विचाराधिन है। यहाँ यह भी उल्लेख है कि मूल आवंटी एवं उक्त भवन के द्वितीय खरीददार को उनके ज्ञात पत्तों पर काफी ढूढा व तलाशा परंतु उनका कहीं कोई अता पता नहीं चल सका है। वह अन्यत्र सपरिवार कहीं बाहर चले गए है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

**संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि सेक्टर-सी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलिया इंदौर में स्थित भूखण्ड क्रमांक 977 श्री रमेश कुमार पिता श्री बाबूलाल राय एवं श्रीमती शीला राय पति श्री रमेश कुमार राय को म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी ने उक्त भूखण्ड को बजर्ये रजिस्ट्री दिनांक 09.07.2012 से श्रीमती सुमनलता वर्मा पति श्री भवानी प्रसाद वर्मा को विकय किया था। ततपश्चात श्रीमती सुमनलता वर्मा का देहान्त दिनांक 15.03.2013 को हो गया है। तथा इनके पति श्री भवानी प्रसाद वर्मा का देहांत दिनांक 07.05.2021 को हो गया है। इन दोनो के देहांत के उपरांत उक्त संपत्ति के वैव वारिस के रूप में इनके दो पुत्र श्री विजय वर्मा पिता स्व. भवानी प्रसाद वर्मा एवं श्री अजय वर्मा पिता स्व. भवानी प्रसाद वर्मा ही है। अन्य कोई वैध वारिस नहीं है। उक्त संपत्ति के लिए श्री विजय वर्मा पिता स्व. भवानी प्रसाद वर्मा एवं श्री अजय वर्मा पिता स्व. भवानी प्रसाद वर्मा के द्वारा मण्डल मे संयुक्त नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है। जो कि विचाराधिन है। तथा यहाँ यह भी उल्लेख है कि उक्त भूखण्ड के मूल आवंटी को उनके ज्ञात पतों पर काफी ढूढा व तलाशा परंतु उनका कहीं कोई अता पता नहीं चल सका है। वह अन्यत्र सपरिवार कहीं बाहर चले गए है। उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

**संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि सेक्टर-सी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलिया इंदौर में स्थित भूखण्ड क्रमांक C-889 श्री शिवप्रसाद खत्री पिता श्री लक्ष्मीनारायण खत्री को म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड दिनांक 19.12.2025 को बजर्ये रजिस्ट्री के माध्यम से श्रीमती राखी अय्यर पति श्री श्रीकांत अय्यर को विकय किया गया है। एवं इनके द्वारा मण्डल में अपने नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है, जो कि विचाराधिन है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी /संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडला नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

**संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, ई.डब्लू.एस कामायनी नगर राउ इंदौर में श्रीमती संगीता खलगे पति श्री किशोर खलगे को भवन क्रमांक एफई-61 ई.डब्लू.एस म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी श्रीमती संगीता खलगे पति श्री किशोर खलगे द्वारा उक्त भवन बजर्ये रजिस्ट्री दिनांक 13.02.2024 को श्री मनीष विश्वकर्मा पिता श्री सत्यनारायण विश्वकर्मा को विकय किया गया एवं उनके द्वारा अपने नाम से मण्डल में नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है। जो कि विचाराधिन है। यहाँ यह भी उल्लेख है कि मूल आवंटी को उनके निवास स्थान पर ढूंढा परन्तु उनका कहीं कोई अता पता नही चल सका है। वह अन्यत्र कहीं बाहर चले गए है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे । समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

**संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि एल आय जी दीनदयाल पुरम, सांवर इंदौर में स्थित भवन क्रमांक रु-80 श्रीमती चन्दा बाई पति श्री भारत सिंह को म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भवन दिनांक 04.08.2025 को बजर्ये रजिस्ट्री के माध्यम से श्रीमती गोविन्द बाई पति श्री रघुवीर सिंह को विकय किया गया है। एवं इनके द्वारा मण्डल में अपने नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है, जो कि विचाराधिन है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे 7 समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

**संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि एम.आय.जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलिया इंदौर में श्री रमेश शाह पिता स्व. श्री हीरालाल शाह, श्री मितेश शाह पिता श्री रमेश शाह को भवन कमांक एएम-40 एम.आय.जी म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भवन बजर्ये रजिस्ट्री के माध्यम से दिनांक 25.09.2025 को श्री धीरज कुमार जैन पिता स्व. श्री मोतीलाल जैन को विक्रय किया गया एवं उनके द्वारा मण्डल में अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया जो कि विचाराधिन है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

## शास्त्रीजी की किस बात से प्रभावित होकर टीचर ने बदल लिया सरनेम



बात उस समय की है, जब लाल बहादुर शास्त्री मुगलसराय के स्कूल में पढ़ते थे। तब उनका नाम लाल बहादुर वर्मा लिखा जाता था। उन्हें नाम के साथ सरनेम लगाना पसंद नहीं था। उन्होंने स्कूल जाने की उम्र में ही निश्चय कर लिया कि अपने नाम के आगे से वर्मा हटवाएंगे। यह बात उन्होंने घर में अपने, माता-पिता व अन्य सदस्यों को बताई। घर के सदस्यों ने लाल बहादुर की इच्छा पर कोई आपत्ति नहीं जताई। अगले दिन लाल बहादुर अपने साथ परिवार के एक सदस्य को लेकर स्कूल पहुंचे और उनके जरिए हेड मास्टर के पास अपना निवेदन पहुंचाया कि उन्हें लाल बहादुर वर्मा न कह कर सिर्फ लाल बहादुर बुलाया जाए। निवेदन सुनकर हेड मास्टर साहब ने लाल बहादुर से ही पूछा, बेटे तुम ऐसा क्यों चाहते हो? उनके पास जवाब तैयार था। तुरंत बोले, सर मेरा मानना है कि हर इंसान की पहचान उसके काम और नाम से होनी चाहिए, सरनेम से नहीं। सरनेम व्यक्ति की जाति और धर्म का बोध कराता है और मुझे यह बात अच्छी नहीं लगती। छोटे से बालक की यह बात सुनकर हेडमास्टर काफी प्रभावित हुए। खुद हेड मास्टर का खुद का नाम वसंत लाल वर्मा था। मगर लाल बहादुर के विचारों का सम्मान करते हुए उन्होंने उनके नाम के आगे से वर्मा सरनेम हटा दिया। इसके बाद उन्हें लाल बहादुर कह कर पुकारा जाने लगा। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद जब 1925 में लाल बहादुर ने काशी विद्यापीठ वाराणसी से शास्त्री की डिग्री प्राप्त की, तो उसके बाद उन्होंने अपना पूरा नाम लाल बहादुर शास्त्री बताना और लिखना प्रारंभ किया। शास्त्री की यह पहचान उनके सरनेम से नहीं, वरन उनकी अर्जित की गई शिक्षा से बनी थी। स्वाभाविक ही इस पहचान को उन्होंने गर्व से अपनाया और अपने व्यक्तित्व व कार्यों की बदौलत इसे पूरे देश का गौरव बना दिया।

### सम्पादकीय

## आम लोगों को पूरा मौका मिले

यूपी में स्पेशल इंटेशिव रिविजन (एसआईआर) का ड्राफ्ट रोल जारी हो गया है, जिसमें 2.89 करोड़ नाम काटे गए हैं। चुनाव आयोग ने नामों को काटने की वजहें बताई हैं, लेकिन लोगों को दावे-आपत्तियों के लिए सरल प्रक्रिया की आवश्यकता है। बिहार में SIR को अंजाम दिया गया था। वहां जारी शुरूआती लिस्ट में 65 लाख नाम कटे थे। कई राजनीतिक विवाद और तारीखें बढ़ने के बाद आखिरकार यूपी में स्पेशल इंटेशिव रिविजन (एसआईआर) का ड्राफ्ट रोल जारी हो गया। चुनाव आयोग ने बताया है कि पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ नाम काटे गए हैं इसका अंदाजा पहले से ही था। अभी तक जिन 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट लिस्ट आई है, वहां कुल मिलाकर 3.69 करोड़ नाम कटे हैं। ड्राफ्ट लिस्ट फाइनल नहीं होती। लोगों के पास दावे और आपत्तियों के लिए अब भी मौका है, लेकिन यह प्रक्रिया सरल और आम नागरिकों की सुविधा का ख्याल रखने वाली होनी चाहिए। बिहार का उदाहरण। पहले चरण में 2.89 करोड़ नाम कटेः बिहार में रक्क्रको अंजाम दिया गया था। वहां जारी शुरूआती लिस्ट में 65 लाख नाम कटे थे, जिसे लेकर काफी हंगामा मचा था। जब लिस्ट रिवाइज की गई, तो 17.9 लाख वोटर्स और बढ़ गए। ऐसा ही बदलाव यूपी और उन राज्यों में भी देखने को मिल सकता है, जहां आपत्तियां ली जा रही है या अब ली जाएंगी।

बांगाल में विवाद। चुनाव से जुड़ी जरूरी प्रक्रिया होने के बावजूद रक्क्रको लेकर कई विवाद चलते रहे हैं। दुर्भाग्य से दूसरे चरण में जिन राज्यों में ड्राफ्ट रोल आ चुका है, वहां भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे। खासकर बंगाल में सबसे ज्यादा असंतोष है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब सॉफ्टवेयर पर सवाल उठाए हैं। उनकी पार्टी उन वोटर्स की मैपिंग में भी गड़बड़ी बता रही है, जिनके नाम लिस्ट में नहीं हैं। लोगों की मदद। चुनाव आयोग ने डेटा जारी कर बताया है कि इन नामों को किन-किन वजहों से काटा गया। यह स्पष्टीकरण अच्छी बात है, लेकिन जिनके नाम नहीं है, उन्हें उनके मताधिकार को हासिल करने के लिए हरसंभव मदद की जानी चाहिए। इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे दावे-आपत्तियां दाखिल कराने, नाम चेक करने में आम लोगों की मदद करें। बिहार रक्क्र से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई थी और पूछा था कि पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं व जनता के बीच इतनी दूरी क्यों है।

### आम बजट 2026 दीर्घकालिक स्थाई परिणाम का बजट

## आत्मनिर्भरता के लिए उद्योग केंद्रित बजट

नए आम बजट से उम्मीद की जा रही थी कि यह आयकर की सारिणी में छूट और पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लोकलुभावन बजट होगा।लेकिन यह बजट इसके विपरीत आत्मनिर्भरता के लिए उद्योग केंद्रित बजट है। जिसके स्थाई और रोजगार देने वाले परिणाम आने में थोड़ा समय लगेगा।इस बजट की उम्मीदों में तमाम आर्थिक उथल-पुथल और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद अगले वित्त वर्ष में भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की बुनियाद रख दी है। इस समय भारत उद्योग, प्रौद्योगिकी और दवाओं के कच्चे माल के लिए चीन पर निर्भर है, किंतु यह बजट कालांतर में चीन को चुनौती बनने वाला है। क्योंकि इस बजट में दुर्लभ खनिजों के उत्खनन को बढ़ावा देने के द्वार खोले जा रहे हैं।



प्रमोद भार्गव (दैनिक अवन्तिका)

अमेरिका की निगाहें वेनेजुएला के तेल,डेनमार्क के ग्रीनफील्ड और आर्कटिक के दुर्लभ खनिजों पर टिकी हैं।चीन और रूस आर्कटिक क्षेत्र में खनिज उत्खनन में लग गए हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ खनिज के साथ कृषि भी है। अतएव ईयू से जो संधि हुई है, उसके तहत भारत को स्टील, एल्युमिनियम, सीमेंट, पेपर, ग्लास,तेल रिफाइनरी और खाद के निर्यात का लाभ मिलेगा। इस दृष्टि से भारत भूमि को कुदरत ने अटूट प्राकृतिक संपदा दी हुई है। इस संपदा का उत्खनन और उसका उपयोग देश के लोगों के लिए हो, इस नजरिए से दुर्लभ खनिजों के उत्खनन के लिए बजट में ओडिशा, केरल और आंध्रप्रदेश के बीच गलियारा बनाए जाने के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।इसके अंतर्गत राष्ट्रीय जलमार्ग भी बनाए जाएंगे।साथ ही वस्त्र,खेलकूद सामग्री,जैविक दवाओं,कंटेनर,इलेक्ट्रॉनिक्स, के उत्पादन को बढ़ावा दिया गया है।रसायन पार्क विकसित होंगे।सेमीकंडक्टर मिशन दो की शुरूआत की जाएगी।चूंकि सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने के उपाय निरंतर कर रही है, इस हेतु सेमीकंडक्टर की उपलब्धता जरूरी है।इस दृष्टि से यह उत्पादन और निर्माण के ढांचागत विकास को स्थापित करने का महाबजट है।



दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा हेतु संसद के मॉनसून सत्र में माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। इस नए कानून से व्यवसायियों को लीज पर खनन करने के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के लीथियम, कोबाल्ट, निकल, हीरा जैसे दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा भी मिल गई है। भारत इन खनिजों के लिए अब तक चीन पर निर्भर था, लेकिन चीन ने इनके निर्यात पर रोक लगा दी थी। यही वे खनिज हैं, जो क्वांटम कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरी और अंतरिक्ष उपकरणों में काम आते हैं। हालांकि ट्रंप द्वारा लगाए गए अनर्गल टैरिफ के बाद चीन ने भारत को उपरोक्त खनिज देने का वादा किया हुआ है।हालांकि ईयू से समझौते के बाद दुर्लभ खनिजों के आयात-निर्यात का दायरा विस्तृत हो गया है।भारत ने अब खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अभियान चलाया हुआ है। क्योंकि भारत की धरती पर इस नजरिए से प्रचुर मात्रा में धरती के गर्भ में हर तरह के खनिज मौजूद हैं। इसीलिए भारत अब अपनी शर्तों पर विकसित देशों के साथ व्यापार भी करेगा। इस बजट से इस व्यापार को मजबूती मिलेगी।

ओडिशा, केरल,आंध्र,राजस्थान,जम्मू-कश्मीर और मध्यप्रदेश की धरती के गर्भ में खनिजों का खजाना भरा पड़ा है। इसके दोहन के लिए उद्योगपति बेरकरार हैं।लेकिन पर्यावरणीय अड़चनों के कारण पूंजीनिवेश से बचते हैं। लेकिन अब माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक पारित हो जाने से उद्योगपति निवेश के लिए आगे आएंगे। मध्यप्रदेश की धरती हीरा और सोना तो उगलती ही है, तांबे और चूने का यहां सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। कटनी में चूने के भंडार हैं। शडहोल और उमरिया में कोयला एवं बॉक्साइड, छिंदवाड़ा में कोयला, बैतूल में ग्रेफाइड और सतना में सिमेंट के भंडार भरे पड़े हैं।मध्यप्रदेश में ईंधन खनन के लिए 12 क्षेत्र चिन्हित किए हैं। कोयला आधारित 37 प्रतिशत मीथेन का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। जबलपुर में सोने के नए भंडार मिले हैं। ग्रेफाइट सहित 30 दुर्लभ खनिज तत्वों की खोज की गई है। इनके उत्खनन व प्रसंस्करण के बाद लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक क्षेत्र चिन्हित कर दिया गया है।

इसके अलावा बजट में जैविक औषधीय दवाओं के उत्पादन के लिए 40 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान है।बायोफार्मा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक हब बनाया जाएगा।सरकार आयुर्वेद दवाओं के निर्माण को बढ़ावा देगी।इन दवाओं का निर्माण इसलिए जरूरी है, क्योंकि ये रोग को जड़ से दूर करती हैं।सात द्रुत गति के रेल गलियारे बनेंगे।पटना और वाराणसी में जहाजों की मरम्मत के कारखाने खुलेंगे।छोटे नगरों में तीर्थस्थल विकसित होंगे।इस उपाय से छोटे नगरों में धार्मिक पर्यटन बढेगा।इससे स्थानीय लोगों को धर्म संबंधी रोजगार मिलेंगे।एक जिला,एक उत्पाद योजना को बढ़ावा दिया गया है।साफ है यह बजट अन्य आम बजटों से एकदम अलग है।इसमें मतदाता को लुभाने और आयकरदाताओं को संतुष्ट करने का कोई प्रावधान नहीं है।यह युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए उद्योग केंद्रित बजट है,जिसके स्थाई और फलदायी परिणाम धीमी गति से आएंगे।जो देश की अर्थव्यवस्था को न केवल मजबूती देंगे, बल्कि देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का काम करेंगे।

## नत्थू लाल की 'अमर' बूटी

नमस्कार, मैं हूँ आपका होस्ट। आज 'डिस्कवरीः डार्क साइड' के कैमरे उस अंधेरी गली में मुड़ रहे हैं जहाँ मौत भी यू-टर्न लेने पर मजबूर हो जाती है। मिलिए नत्थू लाल से-चिकित्सा जगत का वह 'ग्लिच' जिसे विज्ञान नहीं समझा सका और यमराज ने अब तक इग्नोर किया है। नत्थू लाल का क्लिनिक किसी अस्पताल जैसा नहीं, बल्कि किसी 'कबाड़खाने' जैसा दिखता है, जहाँ टूटी हुई सांसों की वेल्डिंग की जाती है। नत्थू लाल ने मेडिकल की पढ़ाई नहीं की, उन्होंने बस मौत को करीब से 'घूरा' है। इनका दावा है कि इनका इलाज यमराज की भैंस को भी पीछे मुड़ने पर मजबूर कर देता है।

नत्थू लाल का आत्मविश्वास किसी पहाड़ जैसा है। इनके पास 'मरा हुआ' आदमी लाना वैसा ही है जैसे किसी पुराने फोन को री-बूट कराना। ये नब्ज नहीं देखते, ये सीधे रूह को आवाज देते हैं-₹अबे ओ! उठ, उधार बाकी है तेरा!₹ और ताज्जुब देखिए, मुर्दा उठ खड़ा होता है। नत्थू लाल का तर्क बड़ा सीधा हैः ₹इंसान मरता नहीं है, बस वो इस दुनिया की बढ़ती महंगाई और बीवी के क्लेश से डरकर थोड़ी देर के लिए 'लॉग-आउट' हो जाता है, मैं बस उसे दोबारा 'लॉग-इन' करा देता हूँ।₹ यह चिकित्सा नहीं, यह तो ब्रह्मांड का सबसे बड़ा 'हैकिंग' ऑपरेशन है।

मेरा तो यह मानना है कि नत्थू लाल जैसे टैलेंट को मोहल्ले में बर्बाद नहीं करना चाहिए। इन्हें सीधे 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' के पास बिठाना चाहिए, ताकि जब मार्केट गिरे, तो ये उसे भी संजीवनी दे सकें। सरकार को चाहिए कि इन्हें 'परलोक वापसी मंत्रालय' का प्रभार सौंप दे। आखिर जो बंदा बिना किसी लैब के, सिर्फ एक पुड़िया और दो गालियों से मुर्दे में जान फूंक दे, वह किसी नोबेल प्राइज से कम नहीं। नत्थू लाल के पास आने वाले मरीज की फाइल में 'बिमारी' नहीं, 'उम्मीद' लिखी होती है। इनका 'सक्सेस रेट' यमराज के 'बीपी' को बढ़ा रहा है।

लेकिन, इस महानता के पीछे एक ऐसा राज छुपा है जो आपके रोंगटे खड़े कर देगा। पिछले हफ्ते नत्थू लाल के पास एक 'बॉडी' लाई गई। आदमी पूरी तरह ठंडा, सांसे गायब, घरवाले विलाप कर रहे थे। नत्थू लाल ने हमेशा की तरह अपनी 'स्पेशल घुट्टी' मुर्दे के कान में डाली।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 02 फरवरी 2027 सोमवार
सूर्योदय - 07:11 सूर्यास्त 18:11
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - एकम 25:53 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - अश्लेषा 22:48 उपरांत मघा
योग - आयुष्मान 07:20 उपरांत सौभाग्य 04:45 उपरांत शोभन
करण - बालव
चन्द्रमा - कर्क मे है। 22:48 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 13 तारिख

**मेष-** रोजगार में वृद्धि होगी। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। नम्रता बनाए रखें।

**वृषभ-** प्रमाद से बचें। दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। खर्चों में कमी करना होगी।

**मिथुन-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क-** दिन प्रतिकूल रह सकता है। सामाजिक स्तर में परिवर्तन एवं प्रतिष्ठा को लेकर चिंतित रहेंगे। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**सिंह-** रुके कार्य पूर्ण होंगे। मेहनत सफल रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या-** नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। बड़े लोगों से भेंट होगी, जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा। लाभ होगा। रिश्वत न लें।

**तुला-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**वृश्चिक-** अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। श्रम अधिक करना होगा। व्यापार सामान्य चलेगा।

**धनु-** आपके कार्यों की समाज एवं परिवार में आलोचना हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**मकर-** योजना फलीभूत होगी। घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी। कार्यसिद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कुंभ-** आत्मविश्वास बढ़ने से व्यापारिक लाभ अधिक होने के योग हैं। यात्रा में सावधानी रखें।

**मीन-** जल्दबाजी एवं लापरवाही से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

### समसामयिक

## संतुलन की पतली रस्सी पर बजट 2026

1 फरवरी 2026 को संसद में पेश केंद्रीय बजट 2026 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सरकार आर्थिक अनुशासन और जनता की आकांक्षाओं के बीच संकरी राह पर चल रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाषण की शुरूआत ही स्थिरता, निरंतरता और दीर्घकालिक विकास की सोच से की। कोई अप्रत्याशित लोकलुभावन घोषणाओं का धमाका नहीं हुआ, बल्कि बजट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया। राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत रखा गया, जो पूर्व निर्धारित 4.5 प्रतिशत लक्ष्य से भी नीचे है। यह कदम वित्तीय अनुशासन की मजबूत मिसाल पेश करता है। पूंजीगत व्यय को पिछले वर्ष के 11.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 12.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया, जो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। यह बढ़ोतरी बुनियादी ढांचे, शहरी विकास परियोजनाओं और डिजिटल तकनीक क्षेत्रों पर केंद्रित है। निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संपत्ति मुद्रीकरण योजना के तहत 10 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्तीय वर्ष में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी, लेकिन वैश्विक आर्थिक मंदी, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और घरेलू मुद्रास्फीति जैसी चुनौतियां बरकरार हैं। बजट ने राजकोषीय घाटे को सख्ती से 4.4 प्रतिशत पर नियंत्रित रखा, जबकि प्रभावी राजस्व घाटे को 96,654 करोड़ रुपये तक सीमित किया गया, जो जीडीपी का मात्र 0.3 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय पर 12.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन को नई गति देगा। राजमार्ग निर्माण में अतिरिक्त 50,000 किलोमीटर का लक्ष्य, रेलवे विद्युतीकरण और आधुनिकीकरण पर 2.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन भविष्य की नींव को अटल बनाने का संकल्प दिखाता है। राज्यों को 1.5 लाख करोड़ रुपये का 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जो संघीय ढांचे को मजबूत करेगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने के लिए कर छूट, एकल खिड़की प्रणाली और तेज मंजूरी प्रक्रिया जैसे उपाय किए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है-निवेशक आइए, हम पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ये विशाल निवेश ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन करेंगे, या केवल महानगरों की चकाचौंध तक सीमित रहेंगे?

मध्यम वर्ग, जो देश की जीडीपी में लगभग 40 प्रतिशत योगदान देता है, को इस बजट में ठोस कर राहत मिली है। पुरानी कर व्यवस्था में मानक कटौती को 50,000 रुपये से दोगुना बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह और अधिक उदार है। नई कर व्यवस्था में स्लैबों को सरल बनाया गया-5 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर। शिक्षा ऋण पर टीसीएस हटाया गया (10 लाख रुपये तक), जबकि किराया टीडीएस सीमा को 2.4 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रुपये किया गया। दो स्व-व्यवहत आवासीय संपत्तियों पर कर राहत का प्रावधान, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष किया गया। कर संहिता को 819 धाराओं से घटाकर 536 धाराओं में सरलीकृत करने का वादा सराहनीय है। ये कदम करदाता को राजस्व का मात्र स्रोत न मानकर भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में हैं। हालांकि, जमीनी स्तर पर अनुपालन प्रक्रिया को और सरल बनाना होगा, वरना ये राहतें कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रह सकती हैं। कृषि क्षेत्र, जो अभी भी 18 प्रतिशत जीडीपी और 65 प्रतिशत ग्रामीण आबादी का आधार है, पर बजट ने विशेष ध्यान दिया।

### भारत का केंद्रीय बजट 2026-27

## धर्म, दर्शन और अध्यात्म की दृष्टि से एक मूल्यांकन

1 फरवरी 2026 को वित्त मंत्री छत्रपति निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2026-27 संसद में प्रस्तुत किया। यह बजट केवल आर्थिक आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और नैतिक दृष्टिकोण को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का एक संगठित प्रयास भी है। इस बजट में धर्म, दर्शन, अध्यात्म, योग, आयुर्वेद तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला के रूप में देखा गया है।



डॉ. नरेन्द्र मेहता (दैनिक अवन्तिका)

### धर्म और संस्कृति : विकास का नैतिक आधार

भारतीय परंपरा में धर्म का अर्थ केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि कर्तव्य, नैतिकता, करुणा और सामाजिक समरसता है। बजट 2026-27 में धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और विकास हेतु लगभग 18,000-22,000 करोड़ का संयुक्त प्रावधान किया गया है, जिसमें तीर्थ-परियोजनाएँ, विरासत संरक्षण, मंदिर कॉरिडोर और सांस्कृतिक पर्यटन अवसंरचना शामिल हैं।धार्मिक पर्यटन एवं सांस्कृतिक उद्योग से वर्ष 2026-27 में लगभग 2.5-3 लाख करोड़ का आर्थिक उत्पादन अनुमानित है, जो कुल ऋक्षद्ध का लगभग 1.1%-1.3% योगदान कर सकता है। यह न केवल पर्यटन को गति देगा, बल्कि स्थानीय रोजगार, हस्तशिल्प, सेवा-क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ करेगा। इस प्रकार धर्म यहाँ केवल आस्था नहीं, बल्कि समावेशी विकास का नैतिक आधार बनता है।

### दर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा : शिक्षा का आत्मिक आयाम

भारतीय दर्शन – वेदांत, उपनिषद, बौद्ध, जैन और भक्ति परंपरा – मानव जीवन को अर्थ, उद्देश्य और शांति प्रदान करते रहे हैं। बजट 2026-27 में भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृत, दर्शन, नैतिक शिक्षा और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण हेतु लगभग 4,000-6,000 करोड़ का प्रावधान अनुमानित है। ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था, शिक्षा-सेवा और सांस्कृतिक शोध के माध्यम से लगभग 60,000-80,000 करोड़ का अप्रत्यक्ष आर्थिक योगदान संभव है। यह पहल यह दशार्ती है कि राष्ट्र केवल कुशल मानव संसाधन नहीं, बल्कि संस्कारवान और विवेकशील नागरिक तैयार करना चाहता है। इससे शिक्षा का उद्देश्य रोजगार तक सीमित न रहकर जीवन-बोध और आत्मिक विकास तक विस्तारित होता है।

### अध्यात्म, योग और आयुर्वेद : समग्र स्वास्थ्य की अर्थव्यवस्था

बजट 2026-27 में योग, आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और प्राकृतिक चिकित्सा प्रणालियों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। आयुष मंत्रालय और संबंधित योजनाओं के अंतर्गत लगभग 9,000-12,000 करोड़ का प्रावधान अनुमानित है। भारत का वेलनेस, योग और आयुर्वेद उद्योग वर्ष 2026-27 में लगभग 1.2-1.5 लाख करोड़ का योगदान देने की क्षमता रखता है, जो जीडीपी का लगभग 0.5%-0.6% हो सकता है। यह नीति इस विचार को पुष्ट करती है कि स्वास्थ्य केवल रोग-निवारण नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का नाम है। इस क्षेत्र में भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर होता दिख रहा है।

### आध्यात्मिक अर्थव्यवस्था और डिजिटल युग

धार्मिक पर्यटन, तीर्थ सेवाएँ, ध्यान-योग केंद्र, ऑनलाइन दर्शन-पूजा सेवाएँ, आध्यात्मिक शिक्षण प्लेटफॉर्म और डिजिटल धार्मिक सामग्री – इन सबके सम्मिलन से एक उभरती हुई आध्यात्मिक अर्थव्यवस्था आकार ले रही है। इस क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 5,000-7,000 करोड़ के प्रोत्साहन एवं अवसंरचना समर्थन की व्यवस्था देखी जा सकती है। यह क्षेत्र मिलकर लगभग 3-4 लाख करोड़ का आर्थिक मूल्य उत्पन्न कर सकता है, जो जीडीपी का लगभग 1.3%-1.6% योगदान हो सकता है। यह केवल व्यापार का विस्तार नहीं, बल्कि आस्था और आधुनिक तकनीक का सृजनात्मक संगम है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।

नैतिक विकास और मूल्य आधारित राष्ट्र निर्माण

बजट 2026-27 का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि वह विकास को केवल भौतिक समृद्धि तक सीमित नहीं करता, बल्कि उसे नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नयन से जोड़ता है। धर्म, दर्शन और अध्यात्म को नीति-निर्माण में स्थान देना यह संकेत देता है कि भारत की विकास-यात्रा केवल ऋक्षद्ध वृद्धि की नहीं, बल्कि मानव चेतना के उत्कर्ष की यात्रा है।

धार्मिक पर्यटन, योग-आयुर्वेद, संस्कृति-आधारित उद्योग और आध्यात्मिक सेवाओं का संयुक्त योगदान वर्ष 2026-27 में अनुमानतः 7-9 लाख करोड़, अर्थात GDP का लगभग 3%-3.5% तक पहुँच सकता है। भारत का केंद्रीय बजट 2026-27 एक ऐसा दस्तावेज है जो अर्थव्यवस्था और अध्यात्म, विकास और दर्शन, विज्ञान और संस्कृति के बीच सेतु का निर्माण करता है। यह बजट यह स्पष्ट करता है कि भारत का भविष्य केवल औद्योगिक और तकनीकी शक्ति बनने में नहीं, बल्कि नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक नेतृत्व स्थापित करने में भी निहित है।

## सुप्रीम कोर्ट की पहल पर स्कूलों में बालिकाओं को फ्री सेनेटरी पैड



अरविन्द रावल (दैनिक अवन्तिका)

देश की सर्वोच्च अदालत की दो सदस्यीय माननीय पीठ न्यायमूर्ति श्री जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति श्री महादेवन-ने हाल ही में केंद्र, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के समस्त शासकीय एवं निजी स्कूलों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत सभी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराएं । सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय देशभर की बालिकाओं के हित में लिया गया एक ऐतिहासिक एवं स्वागत योग्य कदम है। विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाली बालिकाओं को इससे मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी और उनकी पढ़ाई बाधित नहीं होगी । माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने मेनस्टुअल हाइजीन को जीवन एवं निजता के अधिकार (अनुच्छेद 21) का अभिन्न हिस्सा मानते हुए देशभर के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी नैपकिन, बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय तथा स्वच्छता के सभी आवश्यक साधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं । साथ ही, न्यायालय ने सख्त लहजे में कहा है कि यदि कोई स्कूल इन निर्देशों का पालन नहीं करता है तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है । उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने को लेकर पिछले चार वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। सामाजिक कार्यकर्ता जया ठाकुर द्वारा इस संबंध में दायर एक जनहित याचिका पर विचार करते हुए न्यायालय ने यह अहम फैसला सुनाया । आज भी देश के कई हिस्सों में मासिक धर्म को लेकर बालिकाओं में संकोच और झिझक देखी जाती है। अधिकांश स्कूलों में मासिक धर्म के दौरान निःशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने की व्यवस्था नहीं है। कुछ राज्य सरकारें छात्रवृत्ति के साथ सेनेटरी पैड के लिए नाममात्र राशि बालिकाओं के बैंक खातों में भेजती हैं, जो ऊँट के मुँह में जीरा साबित होती है । कुछ राज्यों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सेनेटरी पैड निर्माण की इकाइयाँ स्थापित की गईं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में कम कीमत पर पैड उपलब्ध हो सकें, लेकिन प्रचार-प्रसार के अभाव एवं प्रशासनिक उपेक्षा के कारण कई इकाइयाँ बंद हो चुकी हैं या बंद होने की कगार पर हैं। वहीं, कुछ स्कूलों में यूनिसेफ के सहयोग से पैड वेंडिंग मशीनें लगाई गईं, लेकिन बजट की कमी के कारण उनमें पैड उपलब्ध न होने से वे केवल शोपीस बनकर रह गई हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली-2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा-280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड-1,61,500, रवा- 1,61,000 चांदी- टंच-2,75,500 पाट- 2,74,000।

## उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## मोड़ी में करियर विशेषज्ञों ने बताएं सफलता के मन्त्र

**सुसनेर।** विकासखंड के समीपस्थ शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय मोड़ी में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत करियर विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय विवेकानंद कॉलेज सुसनेर के विद्वान मुकेश दांगी एवं कुशल व्यवसायी राधेश्याम पाटीदार विशिष्ट अतिथि ट्रेनिंग ऑफिसर आई टी आई सुसनेर पवन शर्मा एवं अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य बालचंद बागरी द्वारा की गई । कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई । विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सामूहिक रुप से मन मोहित कर देने वाली सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । मुकेश दांगी द्वारा सिविल सेवा मे सफलता के मंत्र , आयोजन , पाठ्यक्रम आदि को विस्तार से समझा कर छात्रों को प्रेरित किया । कुशल व्यवसायी राधेश्याम पाटीदार द्वारा वर्तमान परिवेश में व्यापार व्यवसाय एवं उद्योग के अपार संभावनाओं के बारे में विस्तार से समझाया । आई टी आई ट्रेनिंग ऑफिसर पवन शर्मा द्वारा दसवीं बोर्ड के बाद औद्योगिक शिक्षण के बारे में विस्तार से छात्रों का मार्गदर्शन किया । संस्था के विद्वान शिक्षक आशीष जैन एवं निर्मल भारती द्वारा इंजीनियरिंग एवं चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार एवं अवसरों के बारे में विस्तार से समझाया । संचालन पीरु लाल खटीक द्वारा किया गया । आभार संस्था के प्राचार्य बालचंद बागरी द्वारा माना गया । इस अवसर पर घनश्याम पाटीदार, मनीष शर्मा, गिरीराज बंसिया, जगदीश चन्द्र गोठी , सियाराम पाटीदार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था ।

## छप्पन भोग और दिव्य श्रृंगार के साथ सजी खाटूश्याम भजन संध्या

### बाबा श्याम के जयकारों से बना भक्तिमय माहौल



**सुसनेर।** नगर में शुक्रवार की रात्रि श्री खाटूश्याम बाबा की भव्य भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। इस आयोजन ने पूरे नगर को भक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत पांच पुलिया से विशाल निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे हाथों में बाबा का निशान ध्वज लेकर शामिल हुए। हारे का सहारा खाटूश्याम हमारा के जयकारों से नगर के मार्ग गूंज उठे और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शुक्रवारिया चौराहे स्थित आयोजन स्थल पर पहुँची। यहां खाटूश्याम बाबा का अत्यंत मनोहारी श्रृंगार किया गया। फूलों, विद्युत सज्जा और सुगंधित वातावरण के बीच बाबा को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग अर्पित किया गया। आरती के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ, जिसे देखने-सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। उज्जैन से पधारी सुप्रसिद्ध भजन गायिका श्याम दीवानी आशा राठौर ने अपनी सुमधुर वाणी से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते रहे। हारा हूँ बाबा पर तुझ पर भरोसा है, लीले घोड़े वाले श्यामह्व जैसे भजनों ने समूचे पंडाल को भक्तिरस से भर दिया। स्थानीय भजन गायक रोहित हाड़ा ने भी सुंदर प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। आशा राठौर का राठौर महिला मंडल के द्वारा स्वागत किया गया।आयोजन यश हरदेनिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत ज्योत प्रज्वलन, गणेश वंदना और हनुमान भजनों के साथ की गई। देर रात्रि तक चले इस धार्मिक आयोजन में भक्तों ने नृत्य-गान के साथ बाबा की भक्ति का आनंद लिया। महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पांच दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ समापन




**महिदपुर रोड।** ग्राम झुटावद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना तथा उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। समापन अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार करि यर चुनने की सलाह दी तथा लक्ष्य निर्धारण पर विशेष जोर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न रखे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया । मुख्य अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य शिवनारायण बाम निया, कन्या हाईस्कूल प्राचार्य अनिल सेठिया वरिष्ठ शिक्षक अशोक पोरवाल अनुपम त्रिवेदी अरुण परमार संकेश जैन मोहन सिंह परमार उप सरपंच महेश पंड्या विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्या लय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्य राहुल पोरवाल द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्य क्रम का समापन हुआ।

# पुराने गिरवी मामलों को लेकर व्यापारियों पर बढ़ा दबाव, विधिक संरक्षण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



क्षेत्र में पुराने गिरवी मामलों को लेकर व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाए जाने के प्रकरण लगातार सामने आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि समय सीमा समाप्त हो जाने के बावजूद कुछ ग्राहक अचानक दुकानों पर पहुंचकर अवैध दबाव, धमकी एवं झूठी शिकायतें कर रहे हैं, जिससे व्यापारिक वातावरण प्रभावित हो रहा है।

इस संबंध में शनिवार को सराफा एसोसिएशन शुजालपुर ने एसडीएम, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा। व्यापारियों के अनुसार संबंधित गिरवी लेन-देन मध्यप्रदेश साहूकारी अधिनियम 1934 के अंतर्गत विधि सम्मत रूप से किए गए थे। निर्धारित अवधि के पश्चात जब मूलधन एवं ब्याज की राशि बराबर हो जाती है तब अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार व्यापारी को गिरवी संपत्ति के निस्तारण का अधिकार प्राप्त होता है। एसोसिएशन अध्यक्ष का कहना है कि अनेक मामलों में ग्राहकों को समय रहते सूचना दी गई थी और कई ग्राहकों द्वारा गिरवी समाप्त करने पर सहमति भी दी गई थी। इसके बावजूद सोने-चांदी के मूल्यों में हालिया तेज वृद्धि के चलते कुछ लोग पुनः गिरवी संपत्ति की मांग कर रहे हैं तथा व्यापारियों को अपराधी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है। व्यापारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि अभिलेख संधारण की समय-सीमा आयकर अधिनियम 1961 के नियम के अनुसार अधिकतम 6 वर्ष निर्धारित है। ऐसे में इससे अधिक पुराने दस्तावेज उपलब्ध न होने पर व्यापारियों को दोषी ठहराना विधि सम्मत नहीं है। बैंकिंग क्षेत्र में भी इसी प्रकार के प्रावधानों के अंतर्गत गिरवी संपत्तियों का निस्तारण किया जाता है। व्यापारियों का कहना है कि मध्यप्रदेश साहूकारी अधिनियम 1934 की धारा 18 से 22 तथा सीमा वृद्धि अधिनियम 1963 के अनुसार अत्यधिक पुराने दावे कानून की समय सीमा से बाहर टाइम बार्ड हो जाते हैं, जिन पर किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं बनती। व्यापारिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में कानून के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा उन्हें उचित विधिक संरक्षण प्रदान किया जाए। उनका कहना है कि यह विषय न केवल व्यापारिक स्थिरता बल्कि सामाजिक शांति और सद्भाव से भी जुड़ा हुआ है। ज्ञापन सौपने के दौरान सराफा एसोसिएशन के राजेश सर्राफ, प्रवीण जैन, सोरभ भंडारियावाला, अमूल अग्रवाल, गोलू चौपड़ा, सुमित जैन, गोपाल सोनी, पल्लव चौधरी, पार्थ सोनी, विनायक सहित अन्य सर्राफा व्यवसायी मौजूद थे।

### गांधीजी के विचारों को जीवन में आत्मसात करें

# पटलावदा में हुआ ग्रामोदय से सर्वोदय व्याख्यान कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



विधानसभा शुजालपुर के ग्राम पटलावदा में शनिवार को ग्राम उदय से सर्वोदय विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उक्त कार्यक्रम पूर्व सरपंच मोहन सिंह पंवार के पिता स्व. कुंवरलाल पंवार की स्मृति में सर्वोदय विचार मंच पटलावदा ने आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव शुजालपुर कार्यक्रम में पहुँचे जहाँ उनका कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष कैलाश उपलावदिया के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में गाँधीवादी, चिंतक, विचारक, लेखक एवं समाज सेवी डॉ आर के पालीवाल, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी, कांग्रेस प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह सिकरवार, किसान नेता जसमत सिंह बिसेना, वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह राजपूत टिटवास, प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सह.सचिव रचना जैन, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, डॉ काजी एस रहमान सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनारायण परमार ने की। ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं आभार सरपंच राहुल परमार ने व्यक्त किया। मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवा दल के निर्देश पर ग्रामोदय से सर्वोदय विषय पर पटलावदा में व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी की विचारधारा और महात्मा गाँधी के विचारों को इस विपरीत परिस्थिति में जीवित रखने का द्दढ संकल्प लिया। कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष भार्गव एवं डॉ पालीवाल ने महात्मा गाँधी के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया एवं उनके विचारों को अपने जीवन मे लाने और उनको आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। वहीं कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जोशी एवं प्रदेश महासचिव सिकरवार, प्रदेश सचिव सिसोदिया, प्रदेश सह.सचिव रचना जैन, डॉ. काजी एस रहमान सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और गाँधी वादी विचार धारा को शक्ति देने व उसे अपने जीवन मे आत्मसात करने सहित आमजन में भी इसके महत्व को घर-घर पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेसजन और ग्रामीण मौजूद रहे।



बे मौसम बारिश से किसान परेशान हो

## आंधी-तूफान के कारण रबी फसलों को भारी नुकसान

**सारंगपुर।** बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान से रबी फसल गेहूं, चना, मसुर, सरसों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसान चिंतित हैं। हाल ही में क्षेत्र में आई तेज आंधी-तूफान और तेज हवाओं के कारण रबी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं, चना, मसुर, सरसों सहित अन्य फसलें खेतों में गिर गई, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पडी है। नुकसान की भरपाई के लिए किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं, लेकिन पोर्टल पर पॉलिसी नंबर अनिवार्य होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। छोटे और सीमांत किसानों के पास फसल बीमा से संबंधित पॉलिसी नंबर या दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। कई किसानों का बीमा बैंक ऋण के माध्यम से स्वतः कट जाता है, ऐसे में उन्हें यह जानकारी नहीं होती कि पॉलिसी नंबर क्या है या कहां से प्राप्त किया जाए। पोर्टल पर बिना पॉलिसी नंबर के शिकायत दर्ज न होने से किसान मजबूरी में बैंकों के चक्कर काट रहे है। राजेश राजपूत, एसडीओ, कृषि विभाग, सारंगपुर ने कहा कि फसल बीमा लाभ के लिए नुकसान के 72 घंटे के भीतर आवश्यक जानकारी के साथ शिकायत दर्ज करना जरूरी है। पॉलिसी नंबर के लिए बैंक से ही संपर्क करना होगा।



## श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव मनाया गया

**सुसनेर।** स्थानीय श्री विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर माघ सुदी तेरस के दिन सृष्टि रचयिता भगवान श्री विश्वकमार्जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इसी दिन श्री विश्वकर्माजी प्रकट हुए थे। इस अवसर पर शनिवार प्रातः श्री विश्वकर्माजी का अभिषेक किया गया। तत्पश्चात पूजन एवं कथा हवन शांति की गई। और प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित हुए। स्मरण रहे कि स्थानीय सोयत रोड़ पर पुलिस थाने के पास स्थित भगवान श्री विश्वकर्माजी के मंदिर में प्रति अमावस्या को समाज के किसी एक व्यक्ति की ओर से कथा रखी जाती है। साथ कथा समापन के पश्चात भोजन प्रसादी रखी जाती है। जिसमें क्षेत्र के समस्त सामाजिक व्यक्ति एक साथ भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं।

## ओबीसी महासभा संयुक्त मोर्चा ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम यूजीसी लागू करने सौंपा ज्ञापन

**गुना।** जिला मुख्यालय पर शनिवार ओबीसी महासभा




संयुक्त मोर्चा ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम यूजीसी लागू करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उक्त ज्ञापन ओबीसी महासभा राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्यों एवं समस्त प्रदेश अध्यक्षों की सहमति से संविधान प्रदत्त अधिकारों के अनुरूप अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं समाज के वंचित वर्गों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं संवैधानिक हितों के संरक्षण का उल्लेख किया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत यूजीसी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग बिल के संबंध में अब तक उपलब्ध तथ्यों, विधायी प्रावधानों, संवैधानिक दृष्टिकोण एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों का अध्ययन एवं विचार-विमर्श करने के उपरांत, ओबीसी महासभा यह स्पष्ट रूप से अवगत कराना चाहती है कि यूजीसी बिल का मूल उद्देश्य उच्च शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए समान शैक्षणिक मानक स्थापित करना और अनुदान, मान्यता एवं नियमन प्रक्रिया को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाना है। सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक प्रावधान शामिल हैं। यूजीसी बिल को निम्न संवैधानिक अनुच्छेदों की भावना के अनुरूप लागू किया जाना आवश्यक है। ओबीसी महासभा का यह स्पष्ट मत है कि यूजीसी बिल के प्रभावी क्रियान्वयन से उच्च शिक्षा संस्थानों में वर्गों का प्रतिनिधित्व सुदृढ़ होगा, छात्रवृत्ति, फेलोशिप एवं शैक्षणिक सहायता योजनाओं में पारदर्शिता आएगी, सामाजिक रूप से वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में एससी, एसटी और ओबीसी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल रहे।

## किसान ने करवाया आदिवासी परिवार की बेटी का विवाह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

तहसील के सोमगांव में इंसानियत और सामाजिक समरसता की एक मिसाल सामने आई है। यहां किसान सत्यनारायण गुर्जर ने अपने खेतों में वर्षों से काम करने वाले एक निर्धन आदिवासी परिवार की बेटी का विवाह पूरे सम्मान और गरिमा के साथ संपन्न करवाया।

यह आदिवासी परिवार पिछले लगभग 20 वर्षों से सत्यनारायण गुर्जर के खेत पर मजदूरी कर रहा है। इसी आपसी विश्वास और आत्मीयता के चलते किसान ने परिवार की बेटी की शादी का पूरा खर्च स्वयं उठाने का निर्णय लिया।

विवाह समारोह शनिवार को हर्षोल्लास और सामाजिक मर्यादाओं के अनुरूप आयोजित किया गया। इस दौरान बेटी को घर की सदस्य की तरह विदा किया गया।

## महाशिवरात्रि पर 15 को निकलेगी शिव बारात, एक दिवसीय लगेगा मेला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



नगर में आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पूरे भक्ति-भाव, श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर गांधी चौक स्थित श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर से शिव बारात निकाली जाएगी, जिसके साथ शिव विवाह का विशेष आयोजन भी होगा। साथ ही एक दिवसीय मेला भी लगेगा। शिव बारात में भगवान भोलेनाथ शाही पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। बारात की शोभा बढाने के लिए हाथी, 51 पुनेरी ढोल-ताशों की गूंज, आकर्षक झाकियां, अघोरी नृत्य, तथा आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ढोल-नगाडों की ताल पर नगरवासी शिवभक्ति में सराबोर नजर आएंगे और रुद्राभिषेक, बेलपत्र अर्पण और भस्म-आरती जैसे अनुष्ठानों से वातावरण पूर्णतः शिवमय हो जाएगा। वहीं, चिंतेश्वर महादेव मंदिर (देव कुआं) परिसर में एक दिवसीय मेला भी आयोजित किया जाएगा। मेले में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पारंपरिक दुकानों, प्रसाद, खिलौनों और मनोरंजन के साधनों की रौनक रहेगी, जिससे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए उत्सव का आनंद दोगुना होगा। नगरवासियों और श्रद्धालुओं में महाशिवरात्रि को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों द्वारा सुरक्षा, यातायात और व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से सम्पन्ना हो सके।

### हिंदी भाषा के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डाला

# पावर ग्रिड में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर




पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड शुजालपुर में हिंदी विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य हिंदी भाषा के विकास, शुद्ध प्रयोग तथा राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में शिक्षक सुनील पाटीदार ने हिंदी भाषा के विकास, राजभाषा अधिनियम 1963 तथा राजभाषा नियम 1976 पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी की ऐतिहासिक परंपरा, उसकी समृद्ध विरासत एवं कार्यालयी कार्यों में हिंदी के महत्व को सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। साथ ही दैनिक एवं कार्यालयी प्रयोग में होने वाली सामान्य भाषिक त्रुटियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए शुद्ध एवं मानक हिंदी के प्रयोग पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं शब्द-शुद्धि एवं मानक हिंदी विषय पर सत्र शिक्षिका पीएमश्री कन्या विद्यालय शुजालपुर मंडी प्रीति चौहान द्वारा लिया गया, जिसमें प्रतिभागियों की सहभागिता के लिए रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विषयों में गहरी रुचि दिखाई तथा प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अपने संशयों का समाधान किया। कार्यक्रम का समापन सारगर्भित चर्चा एवं प्रेरक संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर राजभाषा प्रभारी अभियंता दुर्गेश वर्मा ने कहा कि यह कार्यशाला हिंदी को केवल कार्य की भाषा ही नहीं, बल्कि संवेदना, संस्कृति और संपर्क की सशक्त भाषा के रूप में अपनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रही।

## भजन संध्या का आयोजन कर दी श्रद्धांजलि

**सारंगपुर।** गोपाल मंदिर के पुजारी महंत स्वर्गीय रामेश्वर दासजी वैष्णव की स्मृति में शुक्रवार रात्रि मे भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें महंत श्रीरामेश्वर दासजी वैष्णव की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित के साथ पुष्प अर्पितकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात विनायक भजन मंडल पाडल्यामाता के अध्यक्ष डॉ ईश्वर सिंह पाटीदार, उपाध्यक्ष जीतू वैष्णव, सचिव आशीष पाटीदार, गायक कलाकार पप्पू भगत, सीताराम खाती पिपलिया और बाहर से आए कलाकारों ने निगुर्णी भजनों पर एक से बढकर एक सुंदर सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान श्रोताओं ने देर रात्रि तक आनंदित धर्म लाभ लिया। इस दौरान बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामबाबू वैष्णव, शिक्षक नरेंद्र वैष्णव, शिक्षक होकम सिंह पाटीदार, लखन वैष्णव, कमल वैष्णव, लड्डू गुरु, पंडित जितेंद्र, अंकित पाटीदार उपस्थित रहे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, मेरे पक्षकार जितेन्द्र माली पिता विष्णुप्रसाद माली निवासी-हनुमान बाग दत्त अखाडा बडनगर रोड उज्जैन (म.प्र) द्वारा प्रदत्त जानकारी एवं निर्देश अनुसार । प्रकाशित किया जाता हे कि, भूमि सर्वे के 2755 रकबा 0.2820, सर्वे न. 2756 रकबा 0.0210, सर्वे न. 2757 रकबा 0.0730, सर्वे न. 2768/1 रकबा 0.3400, सर्वे न. 2776/1 रकबा 0.2400, सर्वे न. 2776/2 रकबा 0.2090, सर्वे न. 2777/1 रकबा 0.0630, सर्वे न. 2777/2 रकबा 0.0310, सर्वे न. 2780 रकबा 0.0420, सर्वे न. 2781 रकबा 0.0420, सर्वे न. 2782 रकबा 0.0210 कुल किता 11 कुल` रकबा 1.3640 हेक्टेयर कस्बा हनुमान बाग दत्त अखाडा बडनगर रोड उज्जैन में स्थित हे जो कि मेरे पक्षकार की सयुक्त हिन्दु परिवार की विवादित अविभाजित पैतृक कृषि भुमि हे जिसपर मेरे पक्षकार का हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य मौजुद है। उक्त अविभाजित पैतृक कृषि भुमि को मेरे पक्षकार के पिता विष्णुप्रसाद माली, अंकल रमेश माली एवं बाबुलाल माली ओर बुआ भूरी बाई माली निवासी- हनुमान बाग दत्त अखाडा बडनगर रोड उज्जैन के द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने, मेरे पक्षकार को बलपुर्वक अवैध तरीके से बेदखल करने एवं अवैध तरीके से कब्जा करने तथा अवैध रूप से अतंरण, विकय आदि प्रयास किया जा रहा हे जिस कारण से मेर पक्षकार द्वारा माननीय न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश महोदय उज्जैन के न्यायालय में प्रकरण कमांक आर.सी.एस.ए 532/2025 (जितेन्द्र माली विरूध विषणुप्रसाद माली आदि) प्रस्तुत किया गया हे एवं उक्त विवादित अविभाजित पैतृक कृषि भुमि के सम्बंध में उप पंजीयक महोदय उज्जैन को भी अतंरण, विक्रय आदि करने पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत । कि जा चुकि हे। इस कारण कोई भी व्यक्ति या सस्था, ट्रस्ट आदि मेरे पक्षकार की हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की हिन्दु परिवार की विवादित अविभाजित पैतृक कृषि भुमि के सम्बंध में विष्णुप्रसाद माली, अंकल रमेश माली एवं बाबुलाल माली ओर बुआ भूरी बाई माली से किसी भी प्रकार से कोई भी संव्यवहार नही करे अन्यथा कि दशा में विपरित परिणामो के लिए उक्त चारो के समान हि मेरे पक्षकार के हर्जे खर्चे व परिणामो के लिए जिम्मेदार रहेगे। यह विदित हो।

**सौरभ गाँधी, एडवोकेट**
**कार्यालय- नवीन कोर्ट परिसर हॉल न. 1 के सामने जिला न्यायालय उज्जैन (म.प्र)**
**मो. 9179339434, 9406500465**

न्यूज-कॉलम

## राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए जानवी जैन का चयन



**मंदसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर की एन.एस.एस. स्वयंसेविका जानवी जैन का चयन सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर 4 से 10 फरवरी तक टी.एम. भागलपुर विश्वविद्यालय, बिहार में आयोजित होगा। जानवी यहाँ सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के दल के साथ मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय शिविर विद्यार्थियों में सांस्कृतिक समन्वय और प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैं। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि इस शिविर में देश भर के युवा अपनी लोक कलाओं और संस्कृति का आदान-प्रदान करेंगे। इस सफलता पर डॉ. ललिता लोधा, जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी आदि ने बधाई दी है।

## जांगड़ा पोरवाल समाज का आज परिचय सम्मेलन

**मन्दसौर।** जांगड़ा पोरवाल समाज का 15वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन आज 1 फरवरी, रविवार को स्थानीय लॉ कॉलेज परिसर में किया जा रहा है। श्री जांगड़ा पेरवाल समाज न्यास मंदसौर के अध्यक्ष रमेश चंद्र सेठिया व सचिव जगदीश काला ने बताया कि 14 वर्षों से मन्दसौर में यह अनूठा आयोजन किया जा रहा है, मंच माला से परे होने से इस सम्मेलन के प्रति समाज बंधुओं का लगातार रुझान बढ़ता जा रहा है। इस सम्मेलन में ना कोई मंच होता है और ना माला होती है। इसमें सम्मिलित होने के लिए पंजीयन आवश्यक होता है। विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय भी अनूठे तरीके से करवाया जाता है। परिचय सम्मेलन से पूर्व एक स्मारिका प्रकाशित की जाती है। ताकि स्वजातीय बंधु अपने पुत्र- पुत्री के लिये वर-वधु का चयन कर सके।

## आर्ट ऑफ लिविंग का नाड़ी परीक्षण शिविर 6 को

**मन्दसौर।** आर्ट ऑफ लिविंग से संबंधित श्री श्री आयुर्वेद ट्रस्ट द्वारा 6 फरवरी, शुक्रवार को प्रातः 9 से दोप. 1 व दोप. 3 से सायं 5 बजे तक डिवाइन शॉप ,प्रियांशी आर्किटेक्ट, इंदौरा नमकीन के पास रोड नं. 3 कालाखेत मंदसौर पर नाड़ी परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग श्री श्री आयुर्वेद ट्रस्ट अधिकृत प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य डॉ. मानस परिहार बैंगलोर नाड़ी के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक विकारों परीक्षण करेंगे। चिनमय कियावत ने बताया कि नाड़ी परीक्षण रोग निदान की एक प्रभावशाली किफायती तथा हानिरहित पद्धति है। इससे अनेक असाध्य रोगों को नियंत्रण में लाया जा सकता है। नाड़ी परीक्षा खाली पेट या भोजन लेने के ढाई घण्टे के बाद की जाती है। इस दौरान जल ग्रहण किया जा सकता है।

## मंदसौर की बालिका टीम ने दूसरी बार जीता खिताब



**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवक कल्याण विभाग भोपाल और मध्य प्रदेश एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे केंद्र शासन के खेलो इंडिया गेम्स के तर्ज पर 28 से 30 जनवरी तक भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो एम.पी यूथ गेम्स वॉलीबॉल गेम्स में मंदसौर जिले की यूथ की बालिका टीम ने उज्जैन जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बालिका टीम ने पहला मैच उज्जैन जोन ने आरसीसी भोपाल 2-1 से दूसरे मैच में जबलपुर जोन को 2-0 से पराजित करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और चंबल जोन 2-0 व सेमीफाइनल में शहडोल 3-0 को पराजित करके, खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल गेम्स उज्जैन जोन की बालिका टीम ने फाइनल मैच में छिंदवाड़ा जोन को 3-1 पराजित करके , खेलो एमपी यूथ गेम्स में बालिका वॉलीबॉल का खिताब दूसरी बार अपने नाम करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 7771090777, 7773077762

# रतलाम में पहली बार दूरबीन द्वारा दिमाग की सर्जरी : डॉ. मिलेश नागर ने रचा इतिहास

**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम।** रतलाम जैसे शहर में अत्याधुनिक दूरबीन विधि से ब्रेन सर्जरी होना चिकित्सा जगत में एक बड़ी उपलब्धि है। इस तकनीक से 69 साल के मरीज रामलाल मेंहरू का जीवन बचाया गया।

रामलाल मेंहरू को बेहोशी की हालत में ऑक्सीजन सपोर्ट पर अस्पताल लाया गया। उनके दिमाग में दबाव के कारण खतरा था। डॉक्टर ने तुरंत स्कैन कराया। पता चला कि दिमाग में खून का थक्का जमा हुआ है (सबड्यूरल हेमरेज)। स्थिति गंभीर थी, इसलिए ऑपरेशन जरूरी था।

**बिना बड़े चीरे के ऑपरेशन**

आम ब्रेन सर्जरी में सिर में बड़ा चीरा लगाकर खोपड़ी खोली जाती हैं लेकिन डॉक्टर नागर ने दूरबीन विधि का इस्तेमाल किया। इसके फायदे हैं- छोटा चीराःसिर में सिर्फ बहुत छोटा छेद होता है। जल्दी ठीक होनाःमरीज जल्दी स्वस्थ होकर अपने काम पर लौट सकता है। सटीकताःदूरबीन से दिमाग के अंदर साफ दिखाई देता है और खून का थक्का पूरी तरह हटाया जा सकता है।



**मरीज अब पूरी तरह ठीक हैं**

ऑपरेशन सफल रहा। रामलाल मेंहरू की हालत में अब काफी सुधार हुआ है। ऑपरेशन के बाद अगले ही दिन मरीजपूरी तरह होश में आ गए और दूसरे ही दिन चलने फिरने भी लग गए, चौथे ही दिन उनकी छुट्टी भी हो गई थी।अब रतलाम में ऐसी तकनीक होने से मरीजों को बड़े शहरों जैसे इंदौर या अहमदाबाद नहीं जाना पड़ेगा।

**डॉ.मिलेश नागर का कहना**

हमारा उद्देश्य रतलाम के मरीजों को ही स्थानीय स्तर पर बेहतरीन न्यूरो सुविधाएं देना है। दूरबीन विधि सुरक्षित है, दर्द कम होता है और मरीज जल्दी अस्पताल से छुट्टी पा जाता है।

रतलाम के राघव न्यूरो ट्रॉमा केयर सेंटर में न्यूरो की सुविधा अत्याधुनिक है, जो गंभीर न्यूरोलॉजिकल मरीजों के लिए विशेष देखभाल प्रदान करती है। यहां न्यूरो सर्जन डॉ. मिलेश नागर की अगुवाई में एक प्रशिक्षित टीम है, जो ब्रेन हैमरेज, हेड इंजरी, स्ट्रोक, और अन्य जटिल न्यूरो समस्याओं का इलाज करती हैख। इसके साथ ही, प्रशिक्षित स्टाफ और 24-7 क्रिटिकल केयर सेवाएं मरीजों को बेहतर परिणाम देने में मदद करती हैं।

## पुलिस की अपराधियों पर सर्जिकल स्ट्राइक एक ही रात में 203 वारंटी गिरफ्तार



**मन्दसौर।** जिले में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के नेतृत्व में कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया, जिसके तहत पूरी 30 व 31 जनवरी के बीच की पूरी रात चली कार्रवाई में पुलिस ने 203 वारंटियों को धरदबोचा। इस दौरान पुलिस की 46 टीमों में शामिल 450 से अधिक जवानों ने पूरे जिले की घेराबंदी की। इस विशेष अभियान के दौरान थाना सीतामऊ द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अनवर (49) पिता हुसैन मंसूरी निवासी नाटाराम को गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने 134 स्थायी वारंटी जिनमें इनमें धारा 138 के 50, विद्युत अधिनियम के 31 एवं अन्य 53 वारंटी शामिल हैं को पकड़ा। वहीं 65 गिरफ्तारी वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गश्त के दौरान न केवल वारंटियों को पकड़ा गया, बल्कि जिले के कुख्यात बदमाशों की भी चेकिंग की गई। कुल 101 निगरानी बदमाशों और 93 गुंडा बदमाशों (कुल 194) सहित जिलाबदर आरोपियों की उनके निवास पर जाकर चेकिंग की गई। अवैध शराब के मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने कुल 26 प्रकरण दर्ज कर 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 106.84 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

# सेना केवल नौकरी नहीं, बल्कि सम्मान के साथ देश सेवा का अवसर

### उत्कृष्ट विद्यालय में करियर मंथन का हुआ समापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मन्दसौर



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मन्दसौर में पांच दिवसीय करियर मार्गदर्शन मेले का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के सूबेदार सरताज आलम ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में करियर के विभिन्न विकल्पों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि सम्मान के साथ देश सेवा का एक अवसर है। उन्होंने भर्ती की शारीरिक और मानसिक तैयारियों पर छात्रों का मार्गदर्शन किया।

मुख्य मार्गदर्शक और एनसीसी प्रभारी सेकंड ऑफिसर हरीश कुमार परिहार ने कहा कि आज का दौर पारंपरिक नौकरियों से आगे निकलकर एआई, डेटा साइंस और डिजिटल स्किल्स की ओर बढ़ रहा है। विद्यार्थियों को करियर का चयन करते समय भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अपने कौशल का विकास करना चाहिए।

विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार दवे की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का सफल आयोजन शिक्षिका श्रीमती ममता मोदी के निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन के अंत में विद्यार्थियों द्वारा दिए गए फीडबैक फॉर्म का संकलन किया गया। इसमें छात्रों ने अपने द्वारा चुने गए भावी करियर विकल्पों की जानकारी साझा की और इस पांच दिवसीय मेले को अपने भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। मंच संचालन काउंसलर प्रभारी सुरभि शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक बाबूलाल जोशी ने किया।

## विधायक दक्षिण मण्डल में 60 लाख से अधिक के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

**नीमच।** आज 1 फरवरी को नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार विधानसभा के दक्षिण मंडल के दौरे पर रहेंगे, जहां वे अरनिया चुंडावत में कम्युनिटी हॉल डोम का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही वनांचल की दोनों पंचायतों अमावली जागीर ओर घसुंडी जागीर में भी डोम का भूमिपूजन तथा सीसी रोड, टीन शेड का भी पूजन करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए दक्षिण मण्डल के मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर ने बताया कि विधायक श्री परिहार इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने कार्यकर्ता ओर क्षेत्र की जनता से चौपाल पर मुलाकात कर सरकार की रीति नीति और योजनाओं के कियान्वय से अवगत कराएंगे। श्री गुर्जर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश नए आयाम स्थापित कर रहा है। नीमच विधानसभा में भी विधायक दिलीप सिंह परिहार ने क्षेत्र के विकास में चार चांद लगा दिए है हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे है।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान, उपस्थित थे।

**In The Court Of II Additional District Judge, District Court, Ujjain**
Presiding Officer श्री हेमन्त सविता
(आदेश ५ नियम २० व्यवहार प्रक्रिया संहिता १९०८ के अन्तर्गत प्रशाशन हेतु) (UN CIV/0000293/2024)

श्रीमती रीना -वादी
विरुद्ध
सराफत अली -प्रतिवादी

Process Id/2026
पेशी दिनांक :- 12.03.2026

(1) आसिफ मोहम्मद पिता याकुब पठान पला- सादडी रोड नाका नं 4 बगाना पुलिस थाना बयाना जिला नीमच मप्र

यह कि प्राथर्थीगण क्रं. 1 श्रीमती रीना पत्नि स्व. जितेन्द्रसिंह आंजना, आयु ३० वर्ष, धंधा गृहकार्य, क्र.2 कु. काव्या पुत्री स्व. जितेन्द्रसिंह, आयु-९ वर्ष, धंधा-पढाई, क्रं.3 कु. महक पुत्री स्व. जितेन्द्रसिंह, आयु-4 वर्ष, धंधा-पढाई, क्र.4 कु. तकशीका पुत्री स्व.जितेन्द्रसिंह, आयु-9 माह धंधा कुछ नहीं, क्रं.5 रतनसिंह पुत्र स्व. अंबाराम, आयु-60 वर्ष, धंधा वर्तमान में कुछ नहीं, क्रं.6 श्रीमती मानकुंवर पत्नि रतनसिंह, आयु-55 वर्ष, धंधा-गृहकार्य, आवेदक क्रं.2,3 व 4 अवयस्क द्वारा संरक्षक माता श्रीमती रीना पत्नि स्व. जितेन्द्रसिंह द्वारा प्रस्तुत समस्त निवासीगण ग्राम आजमापुरा तहसील घटिटया जिला उज्जैन म प्र ने आपके विरुद्ध एक क्रेम आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 एवं संशोधित अधिनियम के अधीन प्रस्तुत किया है कि दिनांक 19.12.2023 को आपके स्वामित्व का ट्रक क्रमांक आर जे 09 जे सी 2359 का चालक सराफ अली पिता खाजु खां द्वारा उक्त ट्रक को उपेक्षा व लापरवाही से चलाकर आवेदिका क्र.1 के पति जितेन्द्र की मोटर साईकल क्रमांक एम पी 13 एफ एस 9879 में पीछे से टक्कर मार दी जिससे जितेन्द्र अपनी मोटर साइकल सहित रोड पर गिर गया एवं ट्रक का पहिया जितेन्द्रसिंह के उपर से गुजर जाने के कारण घटनास्थल पर जितेन्द्र की मृत्यु हो गई थी। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 29 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उस तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(हेमन्त सविता)**
**सदस्य**
**द्वितीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण उज्जैन मध्य प्रदेश**

# श्री सुनील मेहता की सेवानिवृत्ति पर नगर परिषद ने दी भावभीनी बिदाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलिया मंडी



नागर ब्राह्मण समाज के आधार स्थंभ श्री सुनील मेहता निवासी अभिनंदन कालोनी मंदसौर द्वारा लगभग 39 वर्ष तक नगर ईकाई में उद्यान सुपरवाईजर के पद पर रहते हुए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सराहनीय सेवा प्रदान कर 30 जनवरी 26 को सेवानिवृत्त हुए। इसी उपलक्ष्य में स्थानीय नगर परिषद पिपलिया मंडी द्वारा सभा कक्ष में श्री मेहता परिषद द्वारा शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया, इसी बीच नगर परिषद में विगत तीन माह तक मु.न.पा.अधिकारी रहे श्री प्रमोद जैन का भी स्वागत सम्मान कर दोनों को ढोल धमाके के साथ भावभीनी बिदाई दी गई।इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भरत सिंह सोनगरा पार्षद सरफराज देव पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र माहवर, पार्षद प्रतिनिधि कमल तिवारी, बलराम सौलंकी, विधायक प्रतिनिधि लोकेश कराड़ा, लेखापाल महावीर जैन, इंजिनियर राजेश उपाध्याय सहित सभी कर्मचारियों ने दोनों सेवानिवृतयों का सम्मान किया।इस मौके पर नागर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बाबूलाल नागर, सचिव सतीश नागर, कलेक्टर के पूर्व स्टेनो बाबू ओमप्रकाश नागर-जगदीश नागर, समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेश नागर ,कमल मेहता तथा नारायण गड़ नगर परिषद व मंदसौर नगर पालिका कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उद्यानिकी अधिकारी आदील भाई कुरेशी ने किया।इसी उपलक्ष्य में श्री मेहता परिवार द्वारा भी दूसरे दिन मंदसौर में स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया।

# सहज और बोलचाल की भाषा ही लेखन की असली आत्मा है - ज्ञान चतुर्वेदी

### सीतामऊ साहित्य महोत्सव का हुआ समापन, नॉलेज कुंभ में देश भर के साहित्यकारों ने साझा किए विचार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मन्दसौर।

नटनागर शोध संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। देशभर से आए विद्वानों, इतिहासकारों और कलाकारों की उपस्थिति में यह आयोजन एक च्नॉलेज कुंभज के रूप में उभरा।

समापन दिवस पर पद्मश्री ज्ञान चतुर्वेदी ने कहा कि कविता संवेदना से जन्म लेती है। सहज और बोलचाल की भाषा ही लेखन की असली आत्मा है। पर्यावरणविद् रजा काजमी ने च्आइने-ए-अकबरीज का संदर्भ देते हुए कहा कि इतिहास स्वयं को दोहराता है। उन्होंने नई पीढ़ी को प्रकृति से जुड़ने का आह्वान किया। साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता जेरी पिंटो ने जोर दिया कि अंग्रेजी के साथ-साथ अपनी जड़ों को मजबूत करने के लिए हिंदी पढ़ना भी अनिवार्य है। फिल्मफेयर विजेता प्रशांत पांडे ने च्सुवासरा से फिल्मफेयर तकज के अपने सफर से युवाओं को प्रेरित किया।

समापन अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कहा, च्इस महोत्सव की जड़ें अब मजबूत हो चुकी हैं, जो भविष्य में एक वृहद वृक्ष का रूप लेंगी।ज उन्होंने स्थानीय संस्कृति और राष्ट्रीय स्तर के विचारों के इस मिलन को अत्यंत सफल बताया। सुवासरा विधायक ने नटनागर शोध संस्थान को ज्ञान का अनुपम केंद्र बताते हुए सफल आयोजन की बधाई दी। पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने कहा कि यह महोत्सव स्व. डॉ. रघुवीर सिंह जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अनिल पांडे सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्व सबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2026 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Shri Ranjeet Dayama S/o Shri Bheru Lal Dayama, Maukhedi Stone (Gitti) Quarry, Kh. No. 501/1, area 2.00 hect., Production Capacity: Stone (Gitti) Quarry 14,550 Cum/year at Village Maukhedi, Tehsil Alot Distt. Ratlam (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर रतलाम (2) कार्यालय जिला पंचायत, रतलाम (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रतलाम (4) ग्राम पंचायत माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3. राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए दिनांक 05.03.2026 को समय सुबह 11.00 बजे से लोक सुनवाई स्थान-ग्राम माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम सर्वे क्रमांक-501/1 रकबा 2.00 हेक्टेयर पर आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका / टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**(क्षेत्रीय अधिकारी) उज्जैन**

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्व सबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2026 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Shri Ranjeet Dayama S/o Shri Bheru Lal Dayama, Maukhedi Stone (Gitti) Quarry, Kh. No. 501/1, area 2.00 hect. Production Capacity: Stone (Gitti) Quarry 5,130 Cum/year at Village Maukhedi, Tehsil Alot Distt. Ratlam (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर रतलाम (2) कार्यालय जिला पंचायत, रतलाम (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रतलाम (4) ग्राम पंचायत माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए दिनांक 05.03.2026 को समय दोपहर 4 बजे से लोक सुनवाई स्थान-ग्राम माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम सर्वे क्रमांक-501/1 रकबा 2.00 हेक्टेयर पर आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**(क्षेत्रीय अधिकारी) उज्जैन**

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्व सबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2026 के प्रावधानों के अन्तर्गत Shri Ranjeet Dayama S/o Shri Bheru Lal Dayama, Stone Quarry, Stone (Gitti) & M-Sand, Kh. No. 501/1, area 2.00 hect. Production Capacity: Stone Quarry, Stone (Gitti) 3,100 Cum Per Annum & M-Sand 2,030 Cum PerAnnum at Village Maukhedi, Tehsil Alot Distt. Ratlam (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर रतलाम (2) कार्यालय जिला पंचायत, रतलाम (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रतलाम (4) ग्राम पंचायत माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-३, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए दिनांक 05.03.2026 को समय दोपहर 2.00 बजे से लोक सुनवाई स्थान-ग्राम माउखेडी तहसील आलोट जिला रतलाम सर्वे क्रमांक-501/1 रकबा 2.00 हेक्टेयर पर आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**(क्षेत्रीय अधिकारी) उज्जैन**



## छः फरवरी को कपिलेश्वर में पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

**सारंगपुर।** पाटीदार समाज का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 6 फरवरी को आयोजित होगा। यह निर्णय पाटीदार समाज की बैठक में लिया गया। विवाह समिति ने आयोजन को लेकर कई निर्णय लिए। पाटीदार समाज तहसील अध्यक्ष महेश पाटीदार पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि पाटीदार समाज सामूहिक समिति के द्वारा 37 जोड़ो का विवाह 41 वां सामूहिक विवा सम्मेलन सारंगपुर कपिलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में होगा। विवाह समिति अध्यक्ष मोहनलाल रावत के नेतृत्व में सम्मेलन संपन्न होगा। इसमें विवाह वैदिक पद्धति से आचार्य पंडित सुनील कुमार शर्मा द्वारा संपन्न कराया जाएगा। वर-वधु एवं अतिथियों का आगमन प्रातः 5 से होगा और सुबह 10.30 बजे सम्मेलन का समापन होगा। इसमें मंडोदा, पाडल्यामाता, ढाकनी, मंगलाज, कालुखेडा, छापीहेड़ा, खेड़ावद, गांवडी, चौकी बिलरामा, काचरिया भाई, सारंगपुर सहित करीब 18 गांवों के समाजजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति रहेगी। नवविवाहित जोडों को गृहस्थी का सामान एवं उपहार भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकता, सादगी एवं आपसी सहयोग की अपील की।

## श्री संस्कार पब्लिक स्कूल की बेटियों ने डॉक्टर बनकर बढ़ाया सुसनेर का मान

### डॉक्टर बनीं पूर्व छात्राएँ लौटीं स्कूल, मिला भव्य सम्मान



**सुसनेर।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्री संस्कार पब्लिक स्कूल (शिशुकुंजन स्कूल) की पूर्व छात्राएँ डॉ. अलसीफा मंसूरी एवं डॉ. महिमा वर्षी ने विदेश से मेडिकल शिक्षा पूर्ण करने के बाद FMGE परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा दोनों छात्राओं का भव्य एवं गरिमामय स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने अपनी सीनियर छात्राओं से संवाद कर उनके अनुभव सुने और भविष्य के लिए प्रेरणा प्राप्त की। दोनों चिकित्सकों ने भी विद्यालय पहुँचकर खुशी व्यक्त की और विद्यार्थियों के साथ अपने स्कूली दिनों की यादें साझा कीं। इस अवसर पर डॉ. अलसीफा मंसूरी एवं डॉ. महिमा वर्षी ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे श्री संस्कार पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय ने उन्हें केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार, आत्मविश्वास और प्रतियोगी भावना भी सिखाई, जिसने आगे की पढ़ाई में संबल प्रदान किया। विद्यालय परिवार ने दोनों होनहार चिकित्सकों के उज्वल भविष्य एवं मानव सेवा के क्षेत्र में सफलता की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में संस्था संचालक सुशील लड्डा, शिक्षकगण, स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एथेलेटिक में विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया



**बड़नगर।** उज्जैन सहोदय स्कूल्स कॉम्पलेक्स द्वारा आयोजित एथेलेटिक प्रतियोगिता में नगर के विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में जिले के 14 सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसके अंतर्गत नगर के विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के तनिष्क यादव 60 मीटर स्प्रिंट दौड़ व वेदांश भाटी 60 मीटर बाधा दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर नगर व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन तथा जिले के तृतीय स्थान प्राप्त करने पर संस्था प्रबंधक मनोज संगतानी , निर्देशक विश्वास संगतानी संस्था प्राचार्या इन्दु पंजाबी द्वारा प्रतिक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## श्रीमती पालीवाल का विदाई समारोह सम्पन्न



**महिदपुर।** महिदपुर नगर के प्रतिष्ठित पालीवाल परिवार की बहु श्रीमति विद्या सुभाष पालीवाल मैडम का विदाई समारोह ग्राम कढ़ाई में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्रीमती पालीवाल ग्राम कढ़ाई के शा. मा. विद्यालय में प्रभारी प्रधानअध्यापक के पद पर शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान कर सेवानिवृत्त हुई है। इस अवसर पर पालीवाल परिवार, विद्यालय परिवार, रामायण मण्डल परिवार, सरपंच, सचिव , वरिष्ठ ग्रामीणजन आदि उपस्थित थे । साथ ही संभाग स्तर पर प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में चयन होने पर विद्यालय की कक्षा 6 टी की छात्रा लक्ष्मी पिता जितेन्द्र मालवीय का भी सम्मान किया गया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमति मंजू सुरेश उत्तरार्धी मैडम ने किया और आभार हरिराम गोस्वामी सर द्वारा किया गया। उक्त जानकारी ललित सोलंकी सर ने दी।

### लोधा लववंशी क्षत्रिय समाज बीनागंज चाचौड़ा क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# मोहम्मदपुर, मेमनपुर में घरों में लूट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने वालों पर एफआईआर करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

लोधा लववंशी क्षत्रिय समाज बीनागंज चाचौड़ा क्षेत्र के लोगों ने विगत दिवस मुख्यमंत्री के नाम सौंप कर मोहम्मदपुर के सात परिवारों के घरों में लूट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने वाले लोगों पर एफआईआर करने की मांग की गई।

जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में मोहम्मदपुर गांव में एक लोधा समाज की एक युवती को ढैचियाखेड़ी का प्रदुम्न मीना नाम का एक लड़का बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जब युवती का परिवार रिपोर्ट लिखवाने थाने गया तो स्थानीय राजनीति के दबाव में कार्यवाही नहीं की गयी। युवती के परिवार और लोधा समाज के जन प्रतिनिधियो ने जब थाने का घेराव किया तब रिपोर्ट दर्ज की गई। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आश्वासन दिया था कि आपकी पुत्री परिवार को सुपुर्द कर दी जावेगी, लेकिन पुलिस ने चुपचाप लड़की को गुना ले जाकर बयान करवा दिया और लड़की को परिवार को नहीं सौंपा गया। यह जानकारी लेकर लड़की के परिवार वाले घर जा रहे थे तभी ये



लोग सोची समझी साजिश के तहत शामिल हो कर ग्राम पेंची के पास उक्त व्यक्तियो ने पुलिस पर हमला किया और परिवार वालों को घटना में फंसा दिया। जब लड़की का परिवार लड़की को ढूंढने और प्रशासनिक कार्यवाही करवाने में इधर-उधर थाने का चक्कर लगाता रहा। इसी अवसर का लाभ उठाकर निम्न व्यक्तियों ने पीड़ित सात परिवारों के घरों में लूट -चोरी, तोड़फोड़ और जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला किया गया। जिसके डर से पीड़ित परिवार अपनी जान की रक्षा हेतु गांव से पीड़ित परिवार भाग गया। उक्त घटना को नीरज शर्मा, बलराम शर्मा, नरेश शर्मा पिता बृजनारायण शर्मा, रितेश शर्मा पुत्र कमलेश शर्मा, कान्हा शर्मा पुत्र पवन शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा और उनके साथियों ने एक राय होकर पीड़ित परिवारों के घरों में तोड़फोड़ - लूटपाट की घटना को अंजाम दिया जिसमें पीड़ित परिवारों की 17 मोटरसाइकिल, एक ट्रैक्टर उठाकर ले गए। इसके अलावा पीड़ित परिवारों की दो भैसे चुरा ले गए, सभी सात पीड़ित परिवारों के टेलीविजन, कूलर पंखा, फ्रिज, अलमारी, टेबल कुर्सी, चारपाई आदि घरेलू सामान पूरी तरह से तोड़ दिया गया। घरों में लगी कांच की खिड़कियां आदि भी तोड़ दी गई। पीड़ित परिवारों के घरों में रसोई के बर्तन, पानी की टंकी अन्य सभी घरेलू उपयोग का सामान पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया और घरों में रखा राशन पानी में खाने-पीने का सभी सामान लूट ले गये तथा अन्य सामान पूरी तरह बर्बाद कर दिया गया। इसके पीड़ित परिवारों के खेतों में मवेशी छोड़कर खड़ी फसलों का नुकसान किया गया, पीड़ित परिवार में से एक घर में बेटी की शादी के लिए रखे 80000 रुपए लूट कर ले गए व अन्य 6 घरों में रखे डेढ़ लाख रुपए नगद भी लूट ले गए। पीड़ित परिवार की एक युवती के साथ बुरी तरह से मारपीट की गई वह अभी भी लापता है। साथ ही एक फरियादी अपनी बेटी की शादी करने के लिए अपनी व्यवस्था जमा रहा था उसमें अपना मकान गिरवी रखकर 4 लाख रुपए रखे थे वह भी लूट कर ले गए। लड़की को देने वाले सोना चांदी के गहने भी लूट ले गए। इस प्रकार ऊपर उल्लिखित व्यक्तियों ने लगभग पीड़ित परिवारों के घरों से 30- 40 लाख की लूट को अंजाम दिया है। समाज के लोगों ने लूटपट की घटना व पीड़ित परिवारों को जान से मारने की धमकी देने वाले उपरोक्त अपराधियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### पीएम श्री विद्यालय गागोरनी में

# कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए करियर मेले का आयोजन

अवन्तिका ▸▸ जीरापुर (गागोरनी)




मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार पीएम श्री विद्यालय शासकीय उमावि गागोरनी में दिनांक 30 जनवरी को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए करियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय चयन, विभिन्न करियर विकल्पों एवं छात्रवृत्ति योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा सरस्वती पूजन के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यालय काउंसलर अनिल पुष्पद ने करियर काउंसलिंग की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

मुख्य अतिथि डॉ. अतुल प्रजापति ने मेडिकल क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं, संबंधित पाठ्यक्रमों एवं प्रवेश प्रक्रियाओं की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान किया। साथ ही उन्होंने अध्ययन की सही विधि एवं बेहतर परिणाम प्राप्त करने के उपयोगी सुझाव भी दिए। विशेष अतिथि अजीत राजावत, ग्रामीण बैंक मैनेजर ने बैंकिंग क्षेत्र में करियर की संभावनाओं के साथ-साथ बैंकिंग फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने भारतीय नौसेना में 18 वर्षों की सेवा के अनुभव साझा करते हुए लक्ष्य निर्धारण में जोश एवं अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया।

विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आशीष कुमार शर्मा, जो भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं, ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य रमेश चंद्र दांगी ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण एवं समय प्रबंधन के प्रति प्रेरित किया। करियर मेले के सफल आयोजन में विजय चौधरी, अंतिम पुष्पद, भगवान मालवीय एवं कमल दांगी का विशेष सहयोग रहा।

## किसान की आँखों में लाल मिर्च पावडर डाल फिल्मी स्टाइल में डेढ़ लाख लूटे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कायथा

उज्जैन-मक्सी रोड कायथा थाने से लगभग एक कि.मी.दुरी पर कायथा से रामपुरा मार्ग पर फिल्मी स्टाइल मे सनसनीखेज लूट का मामला सामने आया है।दिनदहाड़े सनसनीखेज लूट की वारदात को बदमाशों ने अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को मक्सी मे मवेशी का बाजार लगता है गाँव नलेश्री के किसान सतीश शाह और रामलाल अपनी भैस बेच कर मक्सी से अपने गाँव नलेश्री बाईक से जा रहे थे। घात लगाए लुटेरो को किसान समझ नहीं पाए जब कायथा के समीप मेन रोड से रामपुरा की ओर किसान ने अपनी बाईक को घुमाया तभी पिछे से आ रहे। बाइक सवार बदमाशों ने दोनों किसान की आंखों में दिन दहाड़े फिल्मी स्टाइल मे लाल मिर्ची पाउडर फेक दिया तेज जलन के कारण वे संभल पाते उससे पहले देखते ही देखते 1.50 लाख रुपये लूट कर बदमाश मोके से फरार हो गये। बदमाशों ने 'फिल्मी स्टाइल' में लूट को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी हे लूट वाली घटना के चंद कदम की दुरी पर लक्ष्मीपुरा फंटे पर पुलिस की गश्त रहती है कायथा,पुलिस की फाइलों में जाँच तो शुरू हो गई,लेकिन जमीन पर नतीजा 'जीरो' है लुटेरो का अतापता नहीं है।

## पुष्प शक्ति विहार कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट बंद, रहवासी परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

परसूलिया रोड स्थित पुष्प शक्ति विहार कॉलोनी में नगर परिषद की लापरवाही के चलते स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी होने से क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है। इससे कॉलोनीवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी निवासी माणक चंद जैन ने बताया कि लंबे समय से स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, जिसके कारण शाम ढलते ही पूरे क्षेत्र में अंधेरा हो जाता है। अंधेरे के कारण राहगीरों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं असामाजिक तत्वों का भय भी बना रहता है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इस संबंध में नगर परिषद को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कॉलोनीवासियों ने नगर परिषद से शीघ्र स्ट्रीट लाइटें चालू कराने की मांग की है, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

# जमीन को बंजर होने से बचाना है तो जैविक खेती अपनाना ही पड़ेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



प्रस्फुटन समितियां सरकार की योजनाओं को गांव के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचा कर उन्हें इसका लाभ दिलाए। गांव के विकास में सहभागिता करें तो ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान पूरी तरह सार्थक होगा।

उक्त विचार जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय ने सोहड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। कृषि विस्तार अधिकारी नारायण सिसोदिया ने कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए जीवा अमृत एवं पांच पत्ति कड़ा कैसे बनाया जाए उसकी विधि बताइ। इंदौर से आई कृषि विशेषज्ञ सपना यादव ने कहा कि आज किसान जरूर से ज्यादा रासायनिक खाद खेतों में डाल रहे हैं। जमीन बंजर हो रही है। किसानों को अगर अपनी जमीन को बंजर होने से बचाना है तो जैविक खेती अपनाना ही पड़ेगी।

दौलतपुर के किसान घनश्याम पंड्या ने मंच से बताया कि वे स्वयं जीरो बजट आधारित खेती कर रहे हैं। उन्हें मुनाफा भी हो रहा है यह धारणा बन गई है की रासायनिक खाद के बगैर खेती नहीं की जा सकती। पशुओं को जो जहरीला खाना खिलाकर अधिक दूध उत्पादन का सोच रहे हैं। उसी दूध का उपयोग माताएं बहने कर नवजात शिशु में भी जहर युक्त दूध जा रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि वर्तमान समय में माता है पूतना स्वरूप हो गई है। इसका जिम्मेदार किसान है। इसलिए सभी जैविक खेती करें और अपने गांव के साथ-साथ देश को भी वैभवशाली बनाएं। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था शुरू डेवलपमेंट के अध्यक्ष श्री पीयूष आचार्य ने किया एवं आभार समिति के अध्यक्ष रतन सिंह ने माना।

# महिदपुर रोड में निजी अस्पताल की मिली सौगात

### अस्पताल संचालक डा.सौलंकी ने बताया 24 घंटे उपलब्ध रहेगी आपातकालीन उपचार की व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड



नगर में शनिवार को एस एस हॉस्पिटल का शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने आये अतिथियों विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान श्री राजपूत करणी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर शिव प्रताप सिंह चौहान संजीवनी हॉस्पिटल इंदौर के डायरेक्टर संजीवनी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा.पी एन डांगी तथा क्षत्रिय समाज के प्रमुख ठा.केशर सिंह चौहान आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत एसएस हॉस्पिटल के साथ डायरेक्टर डा.राहुल सौलंकी व अन्य स्टाफ ने किया डायरेक्टर डा.राहुल सौलंकी ने बताया अस्पताल में आईसीयू सुविधा पैथोलॉजी जनरल वार्ड ईसीजी प्राइवेट सेमी प्राइवेट रूम एंबुलेंस मेडिकल सुविधा के साथ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ जनरल सर्जन दंत रोग बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ उचित मार्गदर्शन तथा सलाह के लिये उपस्थित रहेंगे।



## इकलेरा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम इकलेरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भक्तिमय वातावरण में भव्य समापन हुआ। कथा के साथ-साथ देवनारायण भगवान कथा एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन भी अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्ना हुआ, जिससे पूरे ग्राम में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। कथा वाचन का पुण्य लाभ श्रीमद् भागवत कथा वाचक जितेंद्र शास्त्री एवं देवनारायण भगवान कथा वाचक रमेश शर्मा व वैदिक मंत्रोच्चार पं रोहित शर्मा, पं गोपाल बैरागी द्वारा प्रदान किया गया। कथा वाचकों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, जन्मोत्सव प्रसंग, देवनारायण भगवान की महिमा, भक्ति, धर्म और मानव जीवन में सदाचार के महत्व पर भावपूर्ण प्रकाश डाला। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष झांकी, भजन-कीर्तन एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने नंद के आनंद में भाग लेकर भक्ति भाव से उत्सव मनाया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, जिला मंत्री मंडल प्रभारी मनोहर सिंह परमार, मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा, मंडल महामंत्री जगदीश राजपूत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का दायित्व समस्त ग्रामवासी ग्राम इकलेरा द्वारा निभाया गया। समापन अवसर पर आभार समिति के अध्यक्ष एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा व्यक्त किया गया। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के सेवाभावी युवाओं एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। जिसमें आसपास के गांव तारागंज, बाबडलिया, गुलावता, भूराखेड़ी, नीटलडी, सारंगपुर नगर के भक्त गण उपस्थित हुए। अंत में प्रसाद वितरण के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा, देवनारायण भगवान कथा का समापन हुआ।

## संकल्प से समाधान अभियान शिविर आयोजित




**सारंगपुर।** प्रतिवर्ष 30 जनवरी को सारे देश में उन शहीदों की स्मृति में जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान दिया है, 02 मिनट का मौन रखा जाता है, उसी अनुक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निदेर्शों के पालन में नगर पालिका परिषद सारंगपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे के द्वारा निकाय कर्मचारियों की उपस्थिति में सामुहिक रूप से भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की समृति में 02 मिनट का मौन रखा। वार्ड क्रमांक 06 पिजारा बाखल में मध्यप्रदेश शासन के संकल्प से समाधान अभियान कार्यक्रम अन्तर्गत जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 06 के निर्वाचित पार्षद प्रतिनिधि आशिक मंसूरी उपस्थित रहे। शिविर में संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत विभिन्ना योजनाओं के अन्तर्गत 15 आवेदन आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनका संबंधित शाखा प्रभारी को निराकरण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनहरे के द्वारा निर्देशित किया गया। उक्त शिविर में नगर पालिका परिषद सारंगपुर के राजस्व शाखा प्रभारी सूर्यप्रकाश झाला, समुन्दर सिंह लववंशी, योजना शाखा प्रभारी रसीद खां मेव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## मामा बंशीलाल टेलर का निधन

**तनोडिया।** समीपस्थ ग्राम रामपुर भुडवास के व क्षेत्र में मामा के नाम जाने जाते थे। और तनोडिया में टेंट



हाउस का व्यवसाय के व्यापारी और वो सभी के लिए समस्याओं हल करने के लिए दौड पड़ते थे। ऐसे मामा का गुरुवार को सुबह तनोडिया के लिए प्रतिदिन की तरह रोड पर गांव में खड़े हुए थे। अचानक जमीन पर गिर पड़े और अटेक आ जाने से बंशीलाल टेलर मामा का 55 वर्ष की आयु में निधन हो गया। संजय टेलर के पिताश्री थे। जैसे ही सुचना मिलते ही क्षेत्रभर में शोक की लहर दौड गई। उनकी अंतिम यात्रा गांव रामपुर भुडवास से दोपहर 2 बजे निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में समाजजन व वरिष्ठ गणमान्य नागरिक,व्यापारी गण, ग्रामीणजन आदि शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मिस्त्री की हालत गंभीर

**इंगोरिया।** बड़नगर रोड पर ग्राम गांवड़ी लोधा से राजोटा के बिच एक मोटरसाइकल चालक वाहन दुर्घटना में घायल हो गया। मुकेश पिता मांगीलाल उम्र 38 वर्ष निवासी बलेडी खिड़की दरवाजे लगाने और मिस्त्री का काम करता है। शुक्रवार को गांवड़ी लोधा से काम करके अपने गांव बलेडी लौट रहा था तभी अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हो गया। एंबुलेंस 108 के ई एम टी सुरेश मीना और पायलेट मनोज थिरोडा उसे ईलाज हेतु रात साढ़े आठ बजे इंगोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए थे। गंभीर हालत होने से घायल को उज्जैन रैफर कर दिया।

# सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं आलिया भट्ट

एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में कहा कि कई बार उनका मन सोशल मीडिया अकाउंट को डिलीट करने का करता है। एस्क्वायर इंडिया को दिए इंटरव्यू में आलिया ने कहा, कई दिन ऐसे होते हैं जब मैं उठकर सोचती हूं कि बस सोशल मीडिया डिलीट कर दूं और सिर्फ एक्टिंग करूं। बार-बार इस बातचीत का हिस्सा नहीं बनना चाहती, लेकिन मुझे यह भी पता है कि ऐसा करने से उन लोगों से संपर्क टूट जाएगा, जिन्होंने शुरू से मेरा साथ दिया है। मैं ऐसा नहीं चाहती।



## एक्ट्रेस बोलीं- कई बार मन करता है, लेकिन ऐसा करने से फैंस से संपर्क टूट जाएगा

बता दें कि आलिया भट्ट देश में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 86 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।



इंटरव्यू में आलिया ने मां बनने के बाद आए बदलावों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि मां बनने के बाद उनकी पर्सनल लाइफ पूरी तरह बदल गई है। अब उनकी दुनिया ज्यादातर अपनी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है।

आलिया ने कहा, ह्लअब जब पर्सनल लाइफ की बात आती है, तो वह इतनी पर्सनल हो गई है कि उसे शेयर करना थोड़ा मुश्किल लगता है। मेरे फोन की फोटो गैलरी मेरी बेटी राहा से भरी हुई है। मुझे अपनी तस्वीरें लेने के लिए अलग से मेहनत करनी पड़ती है ह्व उन्होंने मां बनने को एक बड़ा बदलाव बताया। आलिया के मुताबिक, इससे न सिर्फ शरीर बदलता है, बल्कि सोच, प्राथमिकताएं और दुनिया को देखने का नजरिया भी बदल जाता है। आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही एक्शन थ्रिलर फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। इस फिल्म का डायरेक्शन शिव रावल कर रहे हैं। इसमें आलिया एक ऑल-वुमन कॉम्बैट यूनिट की कमांडर की भूमिका निभा रही हैं।

# 230 करोड़ से ज्यादा हुई बॉर्डर 2 की कमाई

## फिल्म ने आठवें दिन कमाए 11.25 करोड़, सनी देओल ने फिल्म की सफलता का मनाया जश्न

सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 ने सिर्फ 8 दिनों में 230 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। हालांकि, दमदार ओपनिंग वीकेंड के बाद वीकडेज में कमाई थोड़ी घटी, लेकिन इसके बावजूद फिल्म ने एक हफ्ते में दुनियाभर में 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया।

सैकनिल्क के मुताबिक, बॉर्डर 2 ने आठवें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को भारत में 11 करोड़ रुपए की कमाई की। सातवें दिन फिल्म ने 11.25 करोड़ रुपए कमाए थे। इस तरह भारत में फिल्म की कुल नेट कमाई 235.25 करोड़ रुपए हो चुकी है।

अगर वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें, तो भारत से ग्रॉस कमाई 281.5 करोड़ रुपए हुई है। विदेशों से फिल्म ने करीब 41 करोड़ रुपए कमाए हैं। इस तरह कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 322.5 करोड़ रुपए पहुंच गया है।



# जैकी चैन ने रिकॉर्ड किया फेयरवेल सॉन्ग



कुंग-फू फिल्मों के मशहूर एक्टर जैकी चैन ने हाल ही में खुलासा किया है कि उन्होंने एक ऐसा गाना रिकॉर्ड किया है, जो उनकी मौत के बाद रिलीज किया जाएगा। उन्होंने इस गाने को दुनिया के लिए अपना आखिरी संदेश बताया। यह बात उन्होंने 28 दिसंबर को बीजिंग में अपनी नई ड्रामा फिल्म अनएक्सपेक्टेड फैमिली के प्रीमियर के दौरान कही।

रिपोर्ट के अनुसार, जैकी चैन ने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ उन्होंने अपने कई करीबी दोस्तों और अपनों को खो दिया है। इन घटनाओं ने उन्हें जिंदगी के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने महसूस किया कि जीवन बहुत छोटा है और जो बातें दिल में हैं, उन्हें समय रहते कह देना चाहिए। इसी सोच के साथ उन्होंने एक खास गाना रिकॉर्ड किया है, जिसे वह अपना आखिरी संदेश यानी फाइनल मैसेज मानते हैं। इस गाने को रिकॉर्ड करने के पीछे उनकी भावना बहुत गहरी है। जैकी चैन ने कहा कि पिछले कुछ सालों में हुई कई लोगों की मौतों ने उन्हें यह सिखाया कि कुछ भी हमेशा के लिए नहीं होता। इसलिए उन्होंने सोचा कि दुनिया से विदा लेने से पहले वह अपनी भावनाएं एक गाने के जरिए लोगों तक पहुंचैना चाहते हैं।

हालांकि, उनके परिवार और उनकी टीम ने इस गाने को अभी रिलीज न करने की सलाह दी है। इसलिए यह तय किया गया है कि यह गाना उनके फैंस के लिए उसी दिन जारी किया जाएगा, जब चैन इस दुनिया को अलविदा कहेंगे। प्रीमियर के दौरान जब दर्शकों ने उनसे इस गाने की कुछ पंक्तियां गाने का अनुरोध किया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए मना कर दिया। मजाक में उन्होंने कहा, ह्लअगर मैं अभी गा दूं, तो आप सब रोने लगेंगे। बता दें कि अपनी नई फिल्म अनएक्सपेक्टेड फैमिली में जैकी चैन बिल्कुल अलग रूप में नजर आ रहे हैं। इस बार वह एक ऐसे बुजुर्ग व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं, जो अल्जाइमर बीमारी से जूझ रहा है।



# Sport

### अल्काराज ने सबसे लंबे सेमीफाइनल में ज्वेरेव को हराया

# कार्लोस-नोवाक में खिताबी जंग

### जोकोविच तीन साल बाद इतिहास रचने के करीब

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

कार्लोस अल्काराज ने दमदार वापसी करते हुए शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल जीतकर पहली बार फाइनल में प्रवेश कर लिया। खिताब के लिए रविवार को अल्काराज का सामना 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच से होगा।

दोनों ने ही पांच-पांच सेट में जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अल्काराज ने तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव को पांच घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 7-6, 6-7, 6-7, 7-5 से हराया। यह टूनार्मेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल रहा। वहीं जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए दो बार के चैंपियन और दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी यानिक सिनेर को चार घंटे नौ मिनट में 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराया।



आठ साल में पहली बार : पिछले आठ साल में यह पहला मौका है जब किसी ग्रैंड स्लैम में पुरुषों के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले पांच सेट तक चले। इससे पहले 2018 में विम्बलडन में ऐसा हुआ था।

सबसे उम्रदराज खिलाड़ी : जोकोविच (38 साल 355 दिन) साल के पहले ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। वह तीन साल में पहली जबकि कुल 11वीं बार यहां फाइनल में पहुंचे। वह 2023 के बाद पहले और कुल 25वें ग्रैंड स्लैम से अब सिर्फ एक जीत दूर हैं।

करियर ग्रैंड स्लैम से एक जीत दूर अल्काराज : 22 वर्षीय अल्काराज अब करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। अगर वह ट्रॉफी जीतने में सफल रहते हैं तो चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे।

### सबसे युवा खिलाड़ी

इसके साथ ही अल्काराज (22 साल 258 दिन) ओपन युग में चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। लगातार चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी।

ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स पिछले 37 साल में मिश्रित युगल में खिताब बचाने वाली पहली जोड़ी बन गई। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले गाडेकी और पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया।

## मावी की लहराती गेंदों ने विदर्भ को सस्ते में समेटा

एजेंसी ▸▸ नागपुर

शिवम मावी के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी मुकाबले में विदर्भ को बढ़त रोक दिया। मावी की कहर बरपाती गेंदों के आगे चैंपियन विदर्भ की टीम 237 रन पर ही आउट हो गई। दानिश मालेवर ने 80 और नचिकेत भुटे 63 ही कुछ संघर्ष कर पाए। मावी ने सात विकेट चटकाए। विदर्भ को नॉकआउट में जगह बनाने के लिए हर हाल में यह मुकाबला जीतना होगा। पहली पारी में 237 रन ही बनाने वाले यूपी ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 75 रन बना लिए हैं। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान आर्यन जुयाल 35 और आदित्य शर्मा 25 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों तीसरे विकेट के लिए अटूट 58 रन की साझेदारी कर चुके हैं।

## मनप्रीत के बचाव में इस्तीफा देने को तैयार थे कोच फुल्टन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने अनुभवी मिडफील्डर और पूर्व हॉकी कप्तान मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि इस फैसले के बाद फुल्टन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि फुल्टन ने राउरकेला में एक से सात फरवरी तक 33 कोर संभावित खिलाड़ियों के शिविर से मनप्रीत को हटाने के दबाव को 'बाहरी हस्तक्षेप' बताया था। यह बात सामने आई कि मनप्रीत पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान नशीली दवा के सेवन से जुड़े मामले में शामिल थे। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 15 साल में पहली बार कोर संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किया गया। संभावित खिलाड़ियों को तय करने के लिए हुई बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह ने कहा कि मनप्रीत को बाहर किया जाना चाहिए>

**आवश्यकता है**
अनुभवी कर्मचारियों की जिसमें अनुभव हो वही संपर्क करें सैलरी 10000 से 15000 प्रति माह
पाल किराना उन्हेल रोड भेरूगढ़
मो. 9907525081

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की पैकिंग हेतु महिलाओं की हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# इंदौर में मैराथन के दौरान दौड़ रहे युवक की मौत

## नेहरू स्टेडियम के फिनिश पॉइंट से महज 100 मीटर पहले उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, सीपीआर भी दिया पर नहीं बची जान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में रविवार सुबह मैराथन के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आर्यन तोड़ी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नेपाल का रहने वाला था। आर्यन ने मैराथन में रजिस्ट्रेशन कराया था और दौड़ में शामिल भी हुआ था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आर्यन मैराथन पूरी करने के बेहद करीब था। नेहरू स्टेडियम के फिनिश पॉइंट से महज 100 मीटर पहले उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह स्टेडियम के बाहर गिर पड़ा। उस वक्त मैराथन पूरी हो चुकी थी। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भरत रावत पीछे ही थे। उन्होंने संभाला, सीपीआर भी दिया। इसके बाद एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद आर्यन को बॉम्बे हॉस्पिटल भी लेकर गए, लेकिन वहां भी उसे मृत ही बताया गया। घटना की जानकारी मिलते ही आयोजन समिति और पुलिस मौके पर पहुंची। शुरूआती तौर पर मौत की वजह हार्ट अटैक मानी जा रही है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। परिजन को जानकारी दे दी गई है।



### मूल रूप से नेपाली, परिवार कोलकाता में रहता है

डॉ. रावत ने बताया कि आर्यन का परिवार अभी कोलकाता में रहता है, लेकिन मूल रूप से नेपाल के रहने वाले हैं। वे 20 साल पहले नेपाल गए थे तो उसके परिवार से तब बातचीत होती थी। आर्यन यहां अपने चचेरे भाई के साथ रहता था। शुरूआती तौर पर मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट ही है। फिर भी सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। उसकी मौत की सूचना नेपाल में रह रहे उसके रिश्तेदारों तक भी पहुंच गई है।

**पीछे चल रहे कार्डियोलॉजिस्ट ने संभाला, सीपीआर दिया-** आर्यन 21 किमी की दौड़ में शामिल था। उसके पीछे दौड़ रहे कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भरत रावत ने बताया कि लौटने के दौरान फिनिश लाइन से कुछ पहले वह अचानक गिरा। दूसरे रनर्स उसे उठाने लगे तब तक मैं पहुंचा तो उसकी धड़कन बंद हो चुकी थी। उसे तत्काल सीपीआर दिया और एमवाय अस्पताल के पांचवी मंजिल स्थित आईसीयू में ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने कोशिश की, लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थीं।

## न्यूज कॉलम

### दूषित पानी हादसा, दो महिलाओं की हालत गंभीर, एक अन्य बुजुर्ग भी आईसीयू में

**इंदौर।** भागीरथपुरा दूषित पानी हादसे में अब तक 31 मौतें हो चुकी हैं। इस मामले में 450 से ज्यादा मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज किए जा चुके हैं, लेकिन दूसरी ओर चार मरीज अभी भी एडमिट हैं। इनमें से 2 आईसीयू में और एक वेंटिलेटर पर है। इनमें से दो बुजुर्ग महिलाओं की हालत काफी क्रिटिकल बनी हुई है। दो दिन पहले क्षेत्र के बुजुर्ग एकनाथ सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। वे एक माह तक अस्पताल में एडमिट थे और फिर कोई सुधार नहीं होने पर परिजन उन्हें डिस्चार्ज कराकर घर लाए थे और अगले दिन उन्होंने दम तोड़ दिया था। अभी मौजूदा दोनों महिला मरीजों सहित तीन मरीजों को भी तीन दिन बाद अस्पताल में एडमिट हुए एक माह हो जाएगा। दरअसल दूषित पानी से उल्टी-दस्त होने के कारण इन्हें एडमिट किया गया था। इसके बाद इनके मल्टी ऑर्गन्स फेल हो गए हैं। क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभी मरीज आ रहे हैं लेकिन इनमें डायरिया के मरीजों की संख्या एकदम कम हो गई है। रोज एक-दो मरीज आते हैं, लेकिन उन्हें एडमिट करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। हालांकि यह केंद्र 24 घंटे खुला है और क्षेत्र में दो एम्बुलेंस भी तैनात हैं। उधर, इलाके में एक दिन छोड़कर 30 प्रतिशत हिस्से में पानी का सप्लाय जारी है। निगम का कहना है कि पानी अब साफ आ रहा है लेकिन रहवासी अभी भी आरओ और टैंकर का पानी ही उपयोग कर रहे हैं। दूसरी ओर बचे हुए 70 प्रतिशत हिस्से की मेन पाइप लाइन का काम अंतिम दौर में है। इसके बाद यहां लीकेज टेस्ट करने के साथ सैंपल लिए जाएंगे।

### ट्रांसफर-प्रमोशन विवाद विभाग में सुलझें कर्मचारियों को कोर्ट न जाना पड़े

**इंदौर।** सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर, प्रमोशन, इंक्रीमेंट और अन्य सेवा संबंधी मामलों को लेकर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को अहम नसीहत दी है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसे मामलों में कर्मचारियों को बार-बार अदालत का दरवाजा खटखटाने की मजबूरी नहीं होनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि विभागीय स्तर पर ही विवाद सुलझाने की प्रभावी और भरोसेमंद व्यवस्था विकसित करें। हाई कोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभागों में इन-हाउस डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन सिस्टम लागू किया जाए, ताकि सेवा संबंधी विवाद कोर्ट तक पहुंचने से पहले ही सुलझ सकें। आदेश की प्रति मुख्य सचिव को भेजते हुए कोर्ट ने इस पर गंभीरता से अमल सुनिश्चित करने को कहा है। कोर्ट ने यह भी व्यवस्था दी है कि याचिकाकर्ता 30 दिन के भीतर सक्षम अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें, जबकि सरकार को उस पर 45 दिन के भीतर निर्णय लेना होगा। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट में फिलहाल कर्मचारियों से जुड़े 50 हजार से अधिक मामले लंबित हैं। यह टिप्पणी जस्टिस विनय सराफ ने मंडला जिले के फॉरेस्ट गार्ड्स की वरिष्ठता और आर्थिक लाभ से संबंधित याचिका की सुनवाई के दौरान की।

### रोजगार मेला का आयोजन आज, 500 से अधिक रिक्त पदों पर की जाएगी भर्ती

**इंदौर।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार इन्दौर जिले में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आज 02 फरवरी को रोजगार मेला (युवा संगम कार्यक्रम) का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय महाविद्यालय गुरुकुल परिसर रंगवासा रोड राऊ में प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक सम्पन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य एक ही छत के नीचे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार कार्यालय के उपसंचालक श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- तिस्वा टेक्नोलॉजिज, आईसेक्ट, एसके फाईनेंस, फार्मा ग्रोथ, जस्ट डायल, ओशियन मोटर्स, मोजाईक प्रायवेट लिमिटेड, इंस्टास कनेक्ट्स, थर्ड आई सिक्यूरिटी, मेडप्लस, एसके-1 रिसोर्सेस आदि के 500 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन के ?लिए शामिल होगी। ये कम्पनियां डिजिटल मार्केटिंग, साईट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर, रिसेपनिस्ट, एच.आर., बैक ऑफिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिष्ट, सैल्स, बीपीओ, पैकेजिंग, हेल्पर, टेक्नीशियन जैसे- फिटर/टर्नर/मशीनिष्ट, वैल्डर आदि के विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगी। उक्त रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष के युवा शामिल हो सकते है।

## 15 मार्गों और 19 उद्यानों का होगा नामकरण

### अटल जी, कल्पना चावला, विद्यासागर महाराज समेत महापुरुषों के नाम पर होंगे पार्क

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर एबी रोड का नाम बदलकर अटल बिहारी मार्ग किए जाने के बाद इंदौर नगर निगम शहर में बड़े पैमाने पर नामकरण की तैयारी में है। नगर निगम की नामकरण समिति ने शहर के 15 मार्गों और 19 उद्यानों के नए नाम तय कर लिए हैं। समिति द्वारा तैयार प्रस्ताव को अब मेयर-इन-काउंसिल में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

एमआईसी से स्वीकृति मिलते ही नामकरण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। तय किए गए नामों में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज सहित कई महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम शामिल हैं।

नामकरण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र राठौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और संस्थाओं से प्राप्त 23 प्रस्तावों पर विचार किया गया। राठौर ने बताया कि नामकरण की प्रक्रिया पारदर्शी, संतुलित और जनहित को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। नगर निगम पहले ही 25 दिसंबर को एबी रोड (आगरा-बॉम्बे रोड) का नाम बदलकर अटल बिहारी मार्ग करने का निर्णय ले चुका है। अब शक्ति नगर उद्यान का नाम भी अटल बिहारी वाजपेयी उद्यान रखने का प्रस्ताव है।

#### नामकरण की प्रक्रिया

- नामकरण समिति नाम तय करती है
- प्रस्ताव एमआईसी में रखा जाता है
- एमआईसी से मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी
- निगम स्तर पर नामकरण लागू

जय माता दी
नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें। संपर्क करें
मो. 6262369656

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतनः- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाड़ी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com